## न्यूज ब्रीफ

### राज कुमार पांडेय बने सदर उप जिलाधिकारी

**कानपुर देहात।** जिले के कई तहसीलों के एसडीएम बदले गए हैं। मैथा में तैनात रहे एसडीएम राज कुमार पांडेय को एसडीएम सदर बनाया गया है। शिखा शंखवार, उप जिलाधिकारी डेरापुर से स्थानांतरित कर उप जिलाधिकारी रसूलाबाद नियुक्त की गई हैं। एसडीएम रसूलाबाद सर्वेश कुमार सिंह डेरापुर एसडीएम बनाए गए हैं। श्याम नारायण शुक्ल, उप जिलाधिकारी (न्यायिक), सिकंदरा से मैथा में नियुक्त किए गए हैं। सदर एसडीएम सुरभि शर्मा को उप जिलाधिकारी (न्यायिक), सिकंदरा नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी कपिल सिंह ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी तत्काल प्रभाव से अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करते हुए इसकी सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

### श्याम नारायण होंगे मैथा के नए एसडीएम

**शिवली।** मैथा तहसील के वर्तमान एसडीएम राजकुमार पांडेय को अकबरपुर तहसील में एसडीएम के पद पर तैनाती दी गई है। मैथा में सिकंदरा तहसील में न्यायिक एसडीएम के पद पर तैनात श्याम नारायण शुक्ला को नया एसडीएम बनाया गया है। उन्होंने मैथा में गुरुवार को देर शाम पदभार भी संभाल लिया। जब कि अकबरपुर स्थानांतरित एसडीएम राजकुमार पांडेय को विदाई भी दी गई।

### ब्लाकवार वितरित किए जाएंगे बीजों के मिनी किट

**कानपुर देहात।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जनपद में मिलेट्स पुनरोद्धार तथा नि:शुल्क दलहन-तिलहन बीज मिनीकिट कार्यक्रम के अंतर्गत खरीफ सत्र में नि:शुल्क बीज मिनीकिट वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिन्हें ब्लाकवार दिया जाएगा। ज्वार के 100, बाजरा के 500, रागी के 250, सावा के 250, कोदो के 250 मिनीकिट तथा अरहर के 1125, मूंग के 75, उर्द के 219 तथा तिल के 500 मिनीकिट का वितरण किया जाना है। बीज मिनीकिट का लाभ प्राप्त करने हेतु किसान आनलॉइन दर्शन पोर्टल पर बुकिंग कर सकते हैं। बुकिंग के लिए कृषकों को विकास खंडवार लक्ष्य के सापेक्ष विभागीय पोर्टल से ई-लाटरी द्वारा कृषक का चयन किया जाएगा, चयन हो जाने के उपरांत कृषक के रजिस्टर मोबाइल नंबर पर चयन का मैसेज चला जाएगा। इससे यह सुनिश्चित हो जाता है कि संबंधित कृषक का चयन नि:शुल्क बीज मिनीकिट में किया गया।

### आज जिले के दौरे में रहेंगे प्रभारी मंत्री

**कानपुर देहात।** जिले के प्रभारी मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद शुक्रवार सुबह 11 बजे निरीक्षण भवन पहुंचेंगे। 12:15 बजे हिंदी भवन में नशा मुक्ति एवं नारी शक्ति वंदन अभियान से संबंधित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसके उपरांत दोपहर एक बजे हिंदी भवन से अकबरपुर चौराहे तक नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आक्रोश यात्रा की अध्यक्षता करेंगे। 1 बजकर 45 मिनट पर भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता करेंगे। तीन बजे मंत्री पुलिस लाइन में प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ संवाद करेंगे। 5:30 बजे तहसील सिकंदरा पहुंचेंगे, जहां भाजपा जिला मंत्री स्व. विनोद नायक की शोकसभा में सम्मिलित होंगे।

# हाईस्कूल में रूपेंद्र, इंटर में यशी ने किया जिला टॉप



विद्यालय के शिक्षकों के साथ छात्र विक्रम प्रताप सिंह व अन्य। अमृत विचार

### इंटर के योगेंद्र ने पाया सातवां स्थान

**रसूलाबाद।** बोर्ड परीक्षाओं में इंटरमीडिएट की परीक्षा में किसान के बेटे ने जिले में सातवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है उसकी सफलता पर आरपीएस इंटर कॉलेज के इस छात्र को विद्यालय में सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डीपी शुक्ला ने बताया कि ग्राम सढ़रामऊ निवासी विक्रमजीत सिंह किसान एवं मां कमलेश कुमारी गृहिणी है। उनके बेटे योगेंद्र प्रताप सिंह ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले में सातवां स्थान प्राप्त कर उनके विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। योगेंद्र प्रताप ने 500 में 455 अंक प्राप्त कर यह स्थान पाया है। सफलता पर उसके माता-पिता और स्वजन प्रसन्न है। विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित उप प्रधानाचार्य अजय पाल यादव,व्यायाम शिक्षक जितेंद्र त्रिपाठी आदि रहे।

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा गुरुवार को हाईस्कूल और इंटर का परिणाम आया है। इसमें हाईस्कूल में रूपेंद्र व इंटर में यशी ने प्रतिभा दिखाते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

मंगलपुर क्षेत्र के छोटे से गांव बहेरा निवासी रूपेंद्र कुमार पुत्र बृजेश कुमार ने 10वीं की परीक्षा में 96.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। रूपेंद्र के पिता किसान होने के साथ-साथ मजदूरी भी करते हैं और परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

सबसे प्रेरणादायक बात यह रही कि जिस समय परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, उस वक्त रूपेंद्र अपने पिता के साथ भूसा ढोने का काम कर रहा था। रूपेंद्र की इस सफलता से उसके माता-पिता भावुक हो उठे। रूपेंद्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बड़े भाई पुष्पेंद्र व गुरुजनों को दिया। रूपेंद्र का सपना आगे चलकर आईपीएस अधिकारी बनने का है। उसने बताया कि उसने पहले से ही लक्ष्य तय कर लिया था कि वह जिले या प्रदेश स्तर पर स्थान जरूर प्राप्त करेगा, और अपनी मेहनत से उसने यह लक्ष्य हासिल कर लिया। रूपेंद्र की सफलता आज उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा बन गई है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस रखते हैं।



माता-पिता के साथ हाईस्कूल का टॉपर रूपेंद्र।

**दिशा ने 91 प्रतिशत और तान्या ने पाए 90 प्रतिशत अंकः** अकबरपुर क्षेत्र के गांव दया का पुरवा स्थित श्यामलाल आदर्श जनता इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की छात्रा तान्या ने 90 फीसदी अंक पाए। इसी तरह, इंटर मीडिएट की छात्रा दिशा ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया। इन छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय की दिव्या, शुभी और छात्र अनुज का भी बेहतरीन प्रदर्शन रहा। विद्यालय परिवार ने मेधावियों का मुंह मीठा कराया। फूल मालाएं पहनाई। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



तान्या।



दिशा।



दिव्या।



शुभी।



अनुज।

### इंटर में कांधी की छात्रा को मिले 94.4 प्रतिशत अंक

**कानपुर देहात।** कुमारी यशी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित इंटर मीडिएट परीक्षा में जिले में पहला स्थान पाया है। यशी मां अन्नपूर्णा विद्यालय कांधी की छात्रा हैं। उन्हें 94.40 प्रतिशत अंक मिले। इसीतरह 467 अंकों के साथ अरुण सिंह ने दूसरा और 465 नंबरों के साथ रिया तिवारी ने कानपुर देहात जिले में तीसरा स्थान पाया है।



यशी।

# चोरों ने दरोगा के घर से नकदी,जेवर किए पार

## राजपुर थाना क्षेत्र के गांव बैना में बीती रात हुई बड़ी चोरी, नहीं मिला कोई सुराग, पीड़ित को दिया खुलासे का भरोसा

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचारः** चोरों से आम आदमी क्या, दरोगा भी सुरक्षित नहीं रहे। थाना क्षेत्र के बैना गांव में रात चोरों ने पुलिस विभाग के दरोगा के घर धावा बोलकर नकदी सहित सोने चांदी के जेवरात और कीमती कपड़े पार कर ले गए। पुलिस की लापरवाही से हो रही गश्त पर सवालिया निशान लगाते हुए चोर करीब 35 लाख रुपये की चोरी कर ले गए। सूचना पर खोजी डॉग के साथ पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की गई। चोरी का जल्द खुलासा करने का आश्वासन देकर पुलिस वापस लौट गई।

इन दिनों क्षेत्र में चोरों का आतंक बना हुआ है। बेखौफ चोरों ने बुधवार की रात क्षेत्र के बैना गांव के पुलिस विभाग के दरोगा पारस सिंह के घर धावा बोलकर नकदी सहित सोने चांदी जेवरात सहित करीब 35 लाख रुपये का माल पार कर दिया। दरोगा के पुत्र नैतिक कुमार ने बताया कि उसके पिता पुलिस विभाग में दरोगा के पद पर है। इस समय वह कानपुर नगर में तैनात है। नैतिक ने बताया कि बुधवार की शाम मेरी मां, बुआ पुष्पा देवी, बहन कशिश देर शाम को खाना खाकर गर्मी के कारण घर के दरवाजे पर सो गए। रात चोर दीवार के सहारे छत पर गए। छत से जीने के सहारे घर के अंदर घुसे बराबर पर बने दो कमरे की कुंडी लगी थी। चोर कुंडी खोलकर कमरे में गये और अलमारी का लाक तोड़कर दो सोने के हार एक किलो चांदी, सात सोने के मोती हाथ फूल मम्मी का सोने का हार ,10 सोने की अंगूठी कमर पेटी कीमती कपड़े सहित 40 हजार रुपये नकद पार कर ले गए। सुबह जब मम्मी घर के अंदर गई तो दोनों कमरों का दरवाजा खुला हुआ था।

वह कमरें के अंदर गयी तो वहां का नजारा देख उनकी चीख निकल गयी। चीख की आवाज सुनकर सब लोग घर के अंदर गये। अलमारी बक्से खुले हुए थे। और कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तो चोरी का आभाष हुआ। नैतिक कुमार ने पहले चोरी की जानकारी अपने पिता पारस को दी। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर खोजी डांग के साथ पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की गयी। पूछताछ के बाद पड़ताल पूरी होने के बाद पुलिस ने जल्द चोरी का खुलासा करने का आश्वासन देकर वैरिंग वापस लौट गयी। राजपुर थानाध्यक्ष सनत कुमार ने बताया कि अभी जांच चल रही है। पीड़ित की ओर से तहरीर मिलते ही चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

### सेंध लगा चोरों ने घर से पार किए लाखों के जेवर, गजनेर के मनेथू का मामला

**रनियां :** गजनेर थाना क्षेत्र के मनेथू गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर दस हजार की नकदी व लाखों रुपये के कीमती आभूषण पार कर दिए। सुबह सोकर उठे घरवालों को जब घटना की जानकारी हुई तो वह सन्न रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की।

मनेथू गांव निवासी शेष राम के दो मकान हैं। पुश्तैनी घर में वे एक बेटे नीरज के साथ रहते हैं, जबकि दूसरे नए मकान में दूसरा बेटा दीपू अपनी पत्नी नीलम के साथ रहता है। बुधवार की दोपहर दीपू अपनी पत्नी के साथ खेतों में खड़ी गेहूं की फसल की कटाई मड़ाई करने गया था। रात करीब नौ बजे वो घर लौटा और खाना खाने के बाद पत्नी के साथ घर के अगले हिस्से में सो गया। बीती रात घर के पीछे खेतों से आए और पक्की दीवार में सेंध लगाकर अंदर दाखिल हुए और



सेंध दिखाता पीड़ित। अमृत विचार

**• घर से बक्सा उठा ले गए, कुछ दूर जाकर इत्मिनान से खंगाला**

एक कमरें में रखा एक बक्शा उठाकर अपने साथ ले गए और घर से कुछ दूर जाकर आराम से खोलकर उसमें रखे दस हजार रुपए नगद तथा सोने की ब्रजमाला, बेसर, माला, तथा चांदी की हाफ पेटी, पायल चोरी कर भाग गए। गुरुवार की सुबह पत्नी नीलम बिस्तर रखने कमरे में घुसी बक्शा गायब देख चोरी की घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू की। इस संबंध में थानाध्यक्ष गजनेर सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# छत का जाल काट मेडिकल स्टोर में चोरी, सीसीटीवी कैमरे तोड़े

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** शिवली कस्बे में बेखौफ चोरों ने कोतवाली तिराहे के पास कोतवाली से चंद कदम दूर पर स्थित मेडिकल स्टोर पर धावा बोलकर गोलक एवं पूजा के स्थान में रखी नकदी एवं हजारों रुपये कीमत के सौंदर्य प्रसाधन सामग्री चोरी कर ली। छत के जाल के माध्यम से नीचे उतरे चोर सीसीटीवी कैमरे तोड़कर डीबीआर भी ले गए। गुरुवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर कस्बे में सनसनी फैल गई। जानकारी पर कोतवाल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दवा व्यापारी से जानकारी हासिल की। पुलिस की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए।

कस्बा शिवली में कोतवाली से चंद कदम दूर कोतवाली चैराहे के पास कुशाग्र मिश्रा का राधे मोहन मेडिकल स्टोर है। बुधवार की रात अज्ञात चोर छत पर लगे जाल को तोड़कर नीचे उतर आए। इसके बाद दुकान का शटर उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।



चोरों द्वारा तोड़ा गया छत का जाल।

बेखौफ चोरों द्वारा मेडिकल स्टोर के आसपास देर रात तक भीड़भाड़ होने एवं पास में ही कोतवाली मौजूद होने के बावजूद चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने पर व्यापारियों एवं कस्बा वासियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। मेडिकल स्टोर संचालक कुशाग्र मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर करीब 60 हजार रुपये, 20 हजार रुपये कीमत का कॉस्मेटिक का सामान चोरी होने की बात बताई। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए हैं तथा डीबीआर उठा ले गए हैं। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर लेकर जांच की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# दुकानों का मुआयना कर अफसरों ने देखा पटाखों का रख-रखाव

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** मौसम में बढ़ती गर्मी के कारण संभावित आगजनी की घटनाओं को देखते हुए एसडीएम ने थाना प्रभारी और पुलिस बल के साथ गुरुवार दोपहर को संयुक्त रूप से आतिशबाजी दुकानों का सघन निरीक्षण किया। यह अभियान रसूलाबाद क्षेत्र के ग्राम बिरहुन में चलाया गया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम बिरहुन निवासी आतिशबाज रमेश कुमार व अब्दुल निजाम की दुकानों पर रखी विस्फोटक सामग्री, लाइसेंस और भंडारण व्यवस्था की जांच की। अधिकारियों ने ज्वलनशील पदार्थों के सुरक्षित तरीके से रखने और आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम देखे। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह ने दुकानदारों को भीषण गर्मी में विशेष सतर्कता बरतने, सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने को कहा। चेतावनी दी कि थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है इसलिए नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि क्षेत्र में इस तरह के निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे जिससे किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने दुकानदारों से प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की।




आतिशबाजी की दुकान का निरीक्षण करते एसडीएम व थाना प्रभारी। अमृत विचार

# डीएम और एसपी ने जांची परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** 25, 26 और 27 अप्रैल को होने वाली होमगार्ड्स एनरोलमेंट लिखित परीक्षा को लेकर गुरूवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्री कृष्ण औद्योगिक इंटर कॉलेज, मुहम्मदपुर, विवेकानंद राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, पुखरायां तथा श्री रामस्वरूप ग्रामोद्योग इंटर कॉलेज, पुखरायां का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय तथा बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा प्रवेश एवं निकास की प्रक्रिया सुव्यवस्थित रखी जाए, जिससे भीड़भाड़ अथवा अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता, नकल अथवा अन्य अवांछनीय गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा से संबंधित सभी कार्मिक समय से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। परीक्षा को पूर्णतः पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी भोगनीपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य रहे।



भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी व्यवस्था देखते अधिकारी।

**• 26 व 27 को होगी होमगार्ड्स एनरोलमेंट लिखित परीक्षा**

### इन केंद्रों में होगी परीक्षा

- होमगार्ड्स एनरोलमेंट परीक्षा के लिए अकबरपुर इंटर कॉलेज, श्री कृष्ण औद्योगिक इंटर कॉलेज (मोहम्मदपुर), श्री रामस्वरूप ग्रामोद्योग इंटर कॉलेज (पुखरायां), आरपीएस इंटर कॉलेज (रूरा), विवेकानंद राष्ट्रीय इंटर कॉलेज (पुखरायां) और दयानंद ग्राम औद्योगिक इंटर कॉलेज (बाढ़ापुर) को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### दो पालियों में होगी

- परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। इसके बाद द्वितीय पाली अपराह्न तीन बजे से पांच बजे तक संपन्न होगी। प्रत्येक पाली में लगभग 2448 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

**आयोजन** | शोभन दरबार में आचार्यों ने कराया सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

# साढ़े तीन सौ से अधिक बटुकों का हुआ यज्ञोपवीत

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** शोभन दरबार में हनुमानजी की स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार विशाल यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम में 360 बटुकों का विद्वान आचार्यों द्वारा सामूहिक रूप से यज्ञोपवीत संस्कार करवाया।

यज्ञोपवीत संस्कार में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान शोभन आश्रम में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाया। शोभन आश्रम में हनुमानजी की मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर वैशाख शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कराए जाने की परंपरा परमहंस स्वामी विरक्तानंद जी महाराज शोभन सरकार द्वारा वर्षों पूर्व डाली गई थी। विभिन्न स्थानों से आए 360 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार करवाया गया। इस दौरान शोभन सरकार के जयघोष से आश्रम गूंजता रहा।

शोभन आश्रम को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने वाले ब्रह्मलीन महंत 1008 परमहंस स्वामी विरक्तानंदन जी महाराज द्वारा आश्रम में प्रतिवर्ष वैशाख शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। उसी परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी आश्रम के सर्वराकार महंत हरिशरणम् पांडेय की देखरेख में विद्वान आचार्य अनिल शुक्ला, सुशील शास्त्री, बउअन शास्त्री, शिवनंदन शास्त्री, महेश शास्त्री, राजकुमार द्वारा मंत्रोचार के साथ अनेकों जनपदों से आए बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार करवाया गया। इस दौरान शोभन आश्रम के कार्यकर्ता गोपाल मिश्रा हरिओम बाजपेई, अनूप, भूपेश मिश्रा, राजकुमार शुक्ला, बउअन दीक्षित, अनिल शुक्ला, संदीप पांडेय आदि लोगों की देखरेख में भंडारे का सुचारू रूप से वितरण हुआ।

**यज्ञोपवीत को कई जिलों से आए बटुकः** शोभन आश्रम में विद्वान आचार्यों द्वारा मंत्रोचार के साथ कानपुर नगर,कानपुर देहात, औरैया, फतेहपुर, कन्नौज, उन्नाव, हमीरपुर समेत अनेक जनपदों से आए बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराए गए। बताया गया कि प्रदेश में इस तरह का सबसे बड़ा आयोजन शोभन में प्रति वर्ष किया जाता है।



कार्यक्रम के दौरान यज्ञोपवीत संस्कार करवाते बटुक। अमृत विचार

### खेतों में लगी आग पराली के साथ जल गए आठ समर पाइप

**रसूलाबाद :** अंता गांव में अज्ञात कारणों से खेतों में आग लग गई। इससे खेतों में पड़े अवशेष पराली जलकर राख हो गए। इस आग की चपेट में आकर कुछ किसानों के आठ समर पाइप भी जल गए। अंता निवासी किसान कृष्णकांत व अरविंद ने बताया कि अज्ञात कारणों से खेतों में आग लग गई। आग तेजी से फैलने के कारण खेतों में पड़े अवशेष पराली जलकर राख हो गई। इस आग की चपेट में आकर उनके खेतों में पड़े 8 समर पाइप जलकर खाक हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना अग्निशमन कर्मियों को दी। सूचना पाकर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एसडीएम सर्वेश सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल विजय गौतम को मौके पर भेजा।

# दुकानों पर रेट और स्टॉक बोर्ड के साथ वितरण का रखें ब्यौरा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** गुरुवार को अकबरपुर तहसील सभागार में तहसील स्तरीय धरती माता बचाओ और उर्वरक निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसके साथ यहां फार्मर रजिस्ट्री की कार्यशाला भी हुई। बैठक और कार्यशाला में उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधि, थोक उर्वरक विक्रेता, फुटकर उर्वरक विक्रेता, सहायक विकास अधिकारी आदि रहे।

जिला कृषि अधिकारी डा उमेश गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा रसायन उर्वरक मंत्रालय, उर्वरक विभाग के द्वारा उर्वरकों के अंधाधुंदध्अत्यधिक प्रयोग को नियंत्रित करने तथा औद्योगिक इकाईयों में अवैध परिसंचालन, कालाबाजारी, ओवर रेटिंग एवं तस्करी को रोकने के साथ ही मृदा स्वास्थ्य में अनुकूल परिवर्तन लाने के उद्देश्य से धरती माता बचाओ अभियान की शुरूआत की गई है। उप जिलाधिकारी द्वारा सहायक विकास अधिकारी (कृषि) को निर्देशित किया गया कि तहसील में प्रत्येक ग्राम पंचायत की ग्राम सभा बैठकों के आयोजन की समीक्षा करें। ग्राम स्तर की बैठकें लगातार आहुत करेंगे तथा किसी भी जाली-नकली उर्वरकों एवं उर्वरकों के गैर-कानूनी डायवर्जन की सूचना जिला कृषि अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इसी क्रम में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में उर्वरक निर्धारित मूल्य पर बेचा जाएगा। उर्वरक के साथ ही कम प्रचलित उर्वरक की टैगिग नहीं की जाएगी। रेट बोर्ड/स्टॉक बोर्ड, स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर व फर्म बोर्ड प्रत्येक प्रतिष्ठान पर उपलब्ध होना चाहिए तथा विवरण भरा होना चाहिए। जिस थोक विक्रेता से काम करते हैं उसका फार्म-ओ लाइसेंस पर चढ़ा हो। किसानों को फसल सीजन में यूरिया प्रति हेक्टेयर भूमि पर अधिकतम सात बैग तथा डीएपी पांच बैग से अधिक नहीं दिया जाएगा। उर्वरक बिक्री करते समय कृषक की जमीन का विवरण अनिवार्य रूप से देखा जाएगा तथा खतौनी के आधार पर ही मानक अनुसार उर्वरक वितरण किया।

**• उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में अफसरों ने जारी किए निर्देश**

# मेधावियों ने दिखाई प्रतिभा, लहराया परचम

## यूपी बोर्ड रिजल्ट: बिल्हौर और ककवन में बेटियों का रहा दबदबा, विद्यार्थियों को शिक्षकों ने खिलाई मिठाई दी शुभकामनाएं

संवाददाता बिल्हौर/ककवन

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा गुरुवार दोपहर घोषित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणामों में बिल्हौर तहसील क्षेत्र के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष भी परीक्षा परिणामों में छात्राओं का दबदबा कायम रहा, वहीं ककवन के एएमपीएस इंटर कॉलेज के मयंक ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

अलियापुर और आरजीएलवी कॉलेज में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन रहा : बिल्हौर ब्लॉक के राजकीय बालिका हाईस्कूल, लियापुर का परिणाम अत्यंत सुखद रहा। यहां कुल 86 छात्राओं में से 84 उत्तीर्ण हुईं। विद्यालय में पूर्ण सिंह ने 83 फीसद अंकों के साथ टॉप किया, जबकि मानवी दूसरे और रितु तीसरे स्थान पर रहीं।

इसी तरह, आलियापुर स्थित आरजीएलवी इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट (कक्षा 12) की छात्रा सुहाना ने 84 फीसद अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निकिता 82 फीसद द्वितीय और सृष्टि कमल 81.2 फीसद अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### चमके मेधावी


परी सक्सेना।


सुहाना।


पूर्णा सिंह।


श्रेश कुमार।


शांभवी सोनी।


आराध्या सिंह।


अनुष्का सिंह।


जया।

हाईस्कूल में छाया ने 87 फीसद अंक, आकांक्षा ने 85 फीसद और मुस्कान ने 84 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

ककवन में एएमपीएस और डीपीएस का रहा जलवा : कस्बा ककवन स्थित एएमपीएस इंटर कॉलेज में शिक्षकों की मेहनत रंग लाई। यहां हाईस्कूल के छात्र मयंक ने 91 फीसद अंक पाकर क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कृष्ण यादव 89 फीसद अंक लाकर दूसरे और दीपांकर सिंह 88.8 फीसद अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त यश कुमार, दीपेश, मानसी, अनिकेत, आराध्या, प्रभु सिंह, आदित्य, देवांश, निधि, अमृत राज, स्नेहा और भानु प्रताप ने 80 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रबंधक मोहम्मद आलम ने मेधावियों को सम्मानित करने की घोषणा की है।

वहीं, डीपीएस इंटर कॉलेज, ककवन में हाईस्कूल के सौरभ पाल ने 86 फीसद अंक पाकर प्रथम, आलोक 84.15 फीसद अंक पाकर द्वितीय और आकाश 83 फीसद अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट में गढेवा ग्राम पंचायत की बेटियों मुस्कान 73 फीसद, दीक्षा 67 फीसद और लक्ष्मी ने 67 फीसद अंक पाकर परचम लहराया।

खजुरी के अन्नपूर्णा इंटर कॉलेज में मेधावियों की धूम : खजुरी स्थित अन्नपूर्णा इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के सुरेश शर्मा ने 85 फीसद अंक पाकर टॉप किया। नैंसी 83.8 फीसद अंक पाकर द्वितीय और सोनी 82.2 फीसद अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। हाईस्कूल में मुस्कान श्रीवास्तव ने 80 फीसद अंक, निधि ने 79 फीसद अंक और अर्चित सिंह ने 79.2 फीसद अंकों के साथ सफलता अर्जित की।

### श्री लालमणि मंदिर के छात्र-छात्राओं ने रचा इतिहास


अनूप कुमार।

■ **घाटमपुर।** क्षेत्र के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। गुरुवार को घोषित हुए परिणाम में श्री लालमणि मंदिर कॉलेज सहित अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। परिणाम जारी होते ही सफल हुए छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कई छात्र-छात्राओं ने उच्च अंक प्राप्त कर सफलता का परचम फहराया और अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। हाईस्कूल के छात्र अनूप कुमार 92.33 फीसद अंक, रंजना 87.8 फीसद अंक, हेमा 84.3 फीसद अंक, अनुज कुमार 83.3 फीसद अंक प्राप्त किये। वहीं इंटरमीडिएट की छात्रा पूर्णिमा 81.4 फीसद अंक, सीपू सिंह 79 फीसद अंक, मनीषा ने 75 फीसद अंक पाकर अपना व विद्यालय का नाम रोशन किया है। शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं जयहिंद नेशनल इंटर कॉलेज घाटमपुर के छात्र प्रभांश तिवारी 85 फीसद अंक, साकेत तिवारी ने 75 फीसद अंक अंक पाकर परचम लहराया है।

### परी सक्सेना बनीं बिल्हौर इंटर कालेज की टॉपर

■ इसी तरह बिल्हौर इंटर कॉलेज की छात्रा परी सक्सेना ने सबसे अधिक 91.16 फीसद अंक हासिल कर विद्यालय टॉप किया, जबकि द्वितीय स्थान पर 90 फीसद अंकों के साथ प्रिंसी कटियार और 89.33 पीसद अंकों के साथ कशिश गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया है। इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान पर कुंभ स्नेहा ने 87 फीसदी, द्वितीय स्थान पर कनिष्का कटियार ने 86 फीसदी तथा तृतीय स्थान पर कीर्ति मिश्रा ने 81 फ़ीसदी अंक अर्जित किए।

### उत्तम कुमार द्विवेदी विद्या मंदिर के छात्रों ने मारी बाजी

■ **घाटमपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 में कानपुर ग्रामीण के डॉ. उत्तम कुमार द्विवेदी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा परिणाम में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 फीसद रहा, जिसमें विद्यालय की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की छात्रा शगुन सचान 90 फीसद अंक, अर्पित ने 88 फीसद अंक, राखी तिवारी ने 87 फीसद अंक और प्रवीण, भावना सचान, शालिनी, दिशा, सैफ खान, पूर्णिमा, आदि छात्र छात्राओं ने भी बेहतर अंक हासिल करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। वहीं इंटर मीडिएट में सैफ खान ने 88 फीसद अंक पाये।


ज्ञानेंद्र पाल।


देवांश कुमार।


प्रिया पाल।


मयंक सचान।

### महर्षि डीबीएल इंटर कॉलेज का दबदबा

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के महर्षि डीबीएल इंटर कॉलेज उमरी के यूपी बोर्ड के घोषित परिणामों में स्कूल के छात्र एवं छात्राओं का एक बार फिर दबदबा रहा। विद्यालय की प्रिया पाल निवासी सवाईपुर घाटमपुर में 95.01 फीसद अंक पाकर जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं अभय शुक्ला पुत्र सुनील कुमार शुक्ला निवासी कुड़नी नरवल ने जिले में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। रजत यादव पुत्र कमल सिंह यादव निवासी चौरई कानपुर नगर ने 94.4 प्रतिशत अंक पाकर जिले में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। राज कुशवाहा पुत्र विजय सिंह कुशवाहा अकबरपुर बरही रसूलपुर में 93.2 फीसद अंक पाकर आठवां स्थान प्राप्त किया है। दीपेश पाल पुत्र चंद्रपाल सवाईपुर ने 94.5 फीसद अंक पाकर दसवां स्थान प्राप्त किया है। ज्ञानेंद्र पाल पुत्र महेंद्र पाल ने 95.3 फीसद अंक प्राप्त कर सातवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं देवांश कुमार पुत्र सर्वेश पांडे 94.8 फीसद अंक प्राप्त कर दसवां स्थान पाया।

## न्यूज ब्रीफ

### मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती लापता, कुछ ही घंटे में पुलिस ने खोजा

**घाटमपुर।** रेउना थाना क्षेत्र अंतर्गत अपने ननिहाल श्री नगर आई 21 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती काजल रात्रि के समय लगभग 1:00 अपने ननिहाल से गायब हो गई। जानकारी होने पर उसकी मां राम कुमारी ने थाने में लिखित सूचना देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इस पर थाना प्रभारी अनुज कुमार द्वारा उसे बरामद करने हेतु पुलिस टीम को लगाया गया।

### मनोनीत सभासदों को दिलाई गई शपथ

**घाटमपुर।** नगर पालिका में शासन द्वारा मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं विधायक सरोज कुरील की उपस्थिति में घाटमपुर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने गोपनीयता की शपथ दिलाई। यहां पर मनोनीत सभासद भाजपा नेता गोविंद सचान सहित अन्य मनोनीत सभासदों ने गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संदीप बाजपेई, मंडल अध्यक्ष रोहित सोनी, कमलेश त्रिवेदी, सुरेश सोनी, गुड्डू सेंगर, रामगोपाल पासवान रणवीर सचान, आदित्य पाल, अंबुज अवस्थी, वीरेंद्र चौहान, मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी, हिमांशु गुप्ता, विकास सैनी, प्रशांत खरे, प्रदीप परिहार, हिमांशु सचान, हंस उमर, उमेश द्विवेदी, नगर पालिका अधिशासी अभियंता महेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## हाईस्कूल व इंटर की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा


परी।


रोशनी।


काजल।


रिया।


आकाश।


आशीष।


प्रकृति।


दीक्षा।

**शिवराजपुर।** गुरुवार को यूपी बोर्ड के हाई स्कूल एवं इंटर के परिणाम घोषित किये गये, जिसमें क्षेत्र के हाई स्कूल एवं इंटर के छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दर्शाकर अपने घर परिवार का नाम रोशन किया। क्षेत्र के जगदीशपुर गांव स्थित आजाद मेमोरियल इंटर कालेज में हाई स्कूल की परीक्षा में टकटौली गांव निवासी परी ने 90 फीसद अंक प्राप्त किया, वहीं काजल ने 89 फीसद अंक प्राप्त किया व आकाश ने 89 फीसद अंक हासिल किया। वहीं रोशनी ने 90 फीसद अंक हासिल करके अपना नाम रोशन किया व रिया ने 89 फीसद अंक प्राप्त करके अपनी प्रतिभा दिखाई, जबकि इंटरमीडिएट में टकटौली गांव निवासी आशीष ने 85 फीसद अंक हासिल किया व प्रकृति वर्मा ने 81 फीसद व दीक्षा ने 81 फीसद व नितिन ने 80 फीसद अंक हासिल किये। वहीं जया ने 79 फीसद अंक हासिल करके परिवार का गौरव बढ़ाया।

## एसडीएसजी कॉलेज के छात्रों ने जिले में पाया स्थान

संवाददाता घाटमपुर


यशिका।


अवनी।


ताक्षी।


श्रेया।


सीता।


ओम बाबू।


हिमांशी।


अमित।


दिव्यांशी।


दिव्या।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के स्वर्गीय देवी सहांय ग्रामोत्थान इंटर कालेज का हाईस्कूल व इंटर मीडिएट का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी बेहतर रहा। विद्यालय में हाईस्कूल में शत प्रतिशत छात्र छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं इंटर मीडिएट के 98 फीसदी छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर परीक्षा उत्तीर्ण की।

मिली जानकारी के अनुसार हाई स्कूल की यशिका सचान ने 93.5 फीसदी अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अवनी देवी ने 92.66 फीसदी अंक, श्रेया अग्रवाल ने 91.5 फीसदी अंक, सीता ने 90.83 फीसदी अंक, हथेई की जया ने 90.33 फ़ीसदी अंक, आस्था सचान ने 89.31 फीसदी अंक लाकर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं इंटरमीडिएट में ओम बाबू ने 88.6 फीसदी अंक, हिमांशी ने 87.2 फीसदी अंक, अमित ने 87 फीसदी अंक, दिव्यांशी गुप्ता ने 86.8 फीसदी अंक, दिव्या ने 85.6 फीसदी अंक लाकर नाम रोशन किया। हाईस्कूल में 60 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने 80 फीसदी अंक लाकर तथा इटरमीडियट मे 50 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने 80 फीसदी अकं प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। हाईस्कूल की अदिति, आस्था सचान, अनुज सिंह, सुरभि चौरसिया, सृष्टि, राखी देवी, अर्पित सिंह, तौहीद अहमद, आदर्श सिंह व इंटरमीडिएट में इशिका, रोजी, सौरभ सिंह, अंशिका गुप्ता, प्रांशु, पुष्कर व राजन ने 80 फीसदी से ऊपर अंक लाकर नाम रोशन किया। बेहतर परीक्षा परिणाम पर विद्यालय प्रबन्धक इन्द्रपाल सचान, पवन सचान व प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार सैनी इंग्लिश मीडियम की उप प्रधानाचार्य सुलक्षणा मिश्रा व शिक्षक आशीष तिवारी आदि ने हर्ष जताते हुए उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

### चमके मेधावी


खुशी।


लक्ष्मी।


अंजली।


आस्था।


नीतू।


आयुष सचान।

### मां राम जानकी चंद्र देव के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत मां राम जानकी चंद्र देव प्राथमिक विद्यालय धमन्ना बुजुर्ग के छात्रों ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में हाई स्कूल व इंटर में जिले में स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया है। हाई स्कूल में खुशी देवी 93.8 फीसद अंक, लक्ष्मी देवी 93.1 फीसद अंक, अंजलि ने 92.8 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं इंटरमीडिएट में आस्था तिवारी ने 91.8 फीसद अंक, नीतू देवी 89.6 फीसद अंक, आस्था देवी ने 88.6 फीसद अंक पाकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक कामता प्रसाद तिवारी ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान बिचौलियों पर सख्ती के दिये निर्देश

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** सहकारी समिति वी-पैक्स नौरंगा स्थित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान केंद्र पर पेयजल, गुड़ एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि भीषण गर्मी के बीच आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने बोरियों की पर्याप्त उपलब्धता पर भी ध्यान दिया और केंद्र प्रभारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि गेहूं खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए।

- **किसानों के लिए पेयजल, छाया बोरियों की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश**

इसके साथ ही किसानों को तेज धूप और हीट वेव से बचाने के लिए छाया की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे वे सुरक्षित और आरामदायक माहौल में अपनी उपज बेच सकें। फीडबैक प्रणाली को भी प्राथमिकता दी गई। अधिकारियों ने सुझाव एवं शिकायत पंजिका को अनिवार्य रूप से भरवाने के निर्देश दिए। केंद्र प्रभारी को अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के भी निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि शासन द्वारा जारी सभी निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाए और व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी बताया कि समय-समय पर वीडियो कॉल के माध्यम से व्यवस्थाओं का सत्यापन किया जाएगा, ताकि जमीनी स्तर पर पारदर्शिता बनी रहे।

## गाली गलौज का विरोध करने पर महिला को पीटा

**चौबेपुर।** क्षेत्र के जगुआपुरवा गांव में गाली गलौज का विरोध करने पर पड़ोसियों ने महिला को लाठी डंडों से पीटा। मारपीट में महिला को गंभीर चोटें आईं।

क्षेत्र के जगुआपुरवा गांव निवासी रानी राजपूत पत्नी रामबाबू ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि बीती शाम करीब 5:30 बजे वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। तभी घर के ठीक सामने रहने वाली गुड्डन पत्नी रामकुमार, उनके बेटे रंजीत, नितिन व बेटी अर्चना ने बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। मारपीट से शरीर में गंभीर चोटें आईं।

## रेउना में बाइक सवार बंबा में गिरा, मौत

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के रेउना थाना क्षेत्र के घुघुआ पुल के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में किसान की मौत हो गई। घर लौटते समय उनकी बाइक अनियंत्रित होकर बंबे (नहर) में जा गिरी। घटना की जानकारी रात में किसी को नहीं हो सकी। गुरुवार सुबह जब ग्रामीणों की नजर बंबे में पड़े बाइक और शव पर पड़ी, तब पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मृतक की पहचान रेउना थाना क्षेत्र के अमिरतेपुर गांव निवासी 50 वर्षीय सुरेश के रूप में हुई, जो पेशे से किसान थे। मृतक के बेटे कामता ने बताया कि उनके पिता उसकी बहन के गांव केवड़िया गए थे, जहां उसका इलाज चल रहा था। सुरेश वहां इलाज के लिए आर्थिक मदद देने पहुंचे थे। देर शाम वह बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान घुघुआ पुल के पास बंधा मार्ग पर उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे बंबे में जा गिरी। अंधेरा होने के कारण हादसे की भनक किसी को नहीं लगी, जिससे समय पर मदद नहीं मिली।

## पत्नी की हत्या करने का आरोपी गया जेल

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** दहेलिया गांव में बुधवार को शराब के नशे में अपनी पत्नी की पीट-पीट कर हत्या करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

कानपुर देहात के असालतगंज क्षेत्र के कधिया गांव निवासी मिथिलेश ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बहन मंजू देवी की शादी 1997 में हिंदू रीति रिवाज के साथ शिवराजपुर थाना क्षेत्र के दहेलिया गांव निवासी चंद्र किशोर उर्फ पप्पू पुत्र नारायण के साथ हुई थी शादी होने के कुछ दिनों के बाद ही बहन ने मारपीट की शिकायत कई बार की थी किंतु समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया जाता था 22 मार्च बुधवार को चंद्र किशोर शराब के भयंकर नशे में घर आया व डंडे द्वारा बहन मंजू को जमकर मारा पीटा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई देर रात सूचना मिलने पर मृतका के भाई ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया इसके बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर गुरुवार को चंद किशोर उर्फ पप्पू को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया इस मामले में थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता मिथिलेश की तहरीर के बाद जांच पड़ताल करके अभियुक्त के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया।

कार्रवाई | नायब तहसीलदार की मौजूदगी में राजस्व टीम ने की कार्रवाई

## बदनपुर में चकरोड से हटवाया अतिक्रमण

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने की कड़ी में गुरुवार को राजस्व टीम ने क्षेत्र के बदनपुर गांव में जेसीबी चलवा चकरोड से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार ने ग्रामीणों से दोबारा कब्जा करने पर कड़ी कार्रवाई की बात कही।


चकरोड से अतिक्रमण हटाती जेसीबी। अमृत विचार

मालूम हो कि ग्राम पंचायतों में जगह-जगह लोगों ने अवैध निर्माण कर सरकारी भूमि को अपने कब्जे में कर रखा है। अतिक्रमणकारियों से भूमि को मुक्त कराने के लिए राजस्व टीम लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में गुरुवार को नायब तहसीलदार दिव्या भारती की अगुवाई में राजस्व टीम ने क्षेत्र के बदनपुर गांव स्थित चकरोड को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया। इस दौरान नायब तहसीलदार ने ग्रामीणों को दोबारा कब्जा न करने की हिदायत दी। साथ ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई की बात कही।

- **दोबारा कब्जा करने पर दी कार्रवाई की चेतावनी**

कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय लेखपाल प्रियंका साहू, शैलेश श्रीवास्तव, शिव शंकर, अनामिका व स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे बीमा पालिसी नम्बर-22738243 में मेरा नाम प्रहलाद है तथा प्रहलाद यादव व प्रहलाद एक ही व्यक्ति का नाम है मुझे इसी दोनो नामो से जाना व पहचाना जाता है। **प्रहलाद यादव पुत्र लक्ष्मीनरायन शिवपुर महन्थ सहतूजोत परा. तह. उतरौला जिला-बलरामपुर**

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम संतोष कुमार पुत्र देवी दयाल पता ग्राम सरौट पुखरायां भोगनीपुर कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम संतोष कुमार पुत्र देवी दयाल को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **संतोष कुमार पुत्र देवी दयाल पता- ग्राम सरौटा पुखरायां भोगनीपुर कानपुर देहात।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र सुधीश, पुत्रवधू पूनम और दूसरी पुत्रवधू रीमा से उनके गलत और असामाजिक व्यवहार और बेजा आचरण के चलते हर तरह के संबंध विच्छेदित कर लिए हैं। उन्हें चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनसे कोई सरोकार या वास्ता नहीं है। **ओम प्रकाश पुत्र राम औतार निवासी - ग्राम पीताम्बर पुर पोस्ट लालपुर सेकंड कानपुर देहात**

**सूचना**

मैने अपना नाम SHAIKH NIYAZ AHMED NOHAMED ALI से बदलकर NIYAZ AHMAD ABBASI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- MOHD ALI ABBASI ADD- 211P/Z/4D KASARI MASARI KARAILI SADAR GTB NAGAR ALLAHABAD PRAYAGRAJ-211016(U.P.)

**सूचना**

मैं अनीस अहमद (ANEES AHMAD) आयु लगभग 50 वर्ष पुत्र जहूर अहदम निवासी 475/42, सीतापुर रोड, शिया कालेज के पास, कदम रसूल, निराला नगर जिला -लखनऊ उ0प्र0-226020 का हूँ। मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों पर मेरा नाम अनीस अहमद (ANEES AHMAD) अंकित है एवं पासपोर्ट पर त्रुटिवश मोहम्मद अनीस अहमद (MOHAMMAD ANEES AHMAD) अंकित है। उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे अनीस अहमद (ANEES AHMAD) के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मैं **श्रीकान्त मिश्र पुत्र राधेश्याम मिश्र निवासी डी-164 डी0एल0एफ0 गार्डन सिटी, रायबरेली रोड, जिला लखनऊ,** प्लाट संख्या SC2-11, डीएलएफ गार्डन सिटी लखनऊ की आवंटी शोभा मिश्रा की मृत्यु 24/02/2024 के उपरान्त उक्त प्लाट SC2-11 आलोक रंजन मिश्रा, आशुतोष मिश्रा के नाम हो रहा है। अगर किसी को आपत्ति हो तो 21 दिन के अन्दर सम्पर्क करें।

**सूचना**

मेरा पुत्र राज कुमार उर्फ पुष्पेन्द्र का आचरण मेरे व परिवार के प्रति सही नहीं है। इस लिये मैं अपने पुत्र को अपनी चल व अचल सम्पत्ती से बेदखल कर रहा हूँ। मेरे पुत्र का किसी भी व्यक्ति से लेन देन होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **विजय राजपूत पुत्र नाथूराम निवासी- नकरा, थाना-पनवाड़ी जिला महोबा उ0प्र0**

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999


### शहर में आज

- **शिविर :** संत निरंकारी मण्डल द्वारा रक्तदान शिविर के ब्लाक गोविंद नगर में शाम 4 बजे।
- **कार्यशाला :** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में 'एक्स्ट्रापल्मोनरी एवं पीडियाट्रिक टीबी' पर कार्यशाला लेक्चर थिएटर-1, सुबह 8 बजे से
- **क्रिकेट :** ग्रीनपार्क में केसीए का ट्रायल सुबह 10 बजे से।



रिजल्ट आने पर आर एस एजुकेशन इंटर कॉलेज में प्रफुल्लित छात्राएं। अमृत विचार

# दिशा बनीं हाईस्कूल की सिटी टॉपर

## जिले की टॉप 10 सूची में हाई स्कूल में 25 मेधावी जबकि इंटरमीडिएट टॉप 10 में 15 मेधावियों के नाम

**यूपी बोर्ड रिजल्ट**

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षाफल में जिले की टॉप 10 सूची में हाई स्कूल में 25 मेधावियों ने अपना स्थान पक्का किया है, जबकि इंटरमीडिएट में टॉप 10 में 15 मेधावियों ने स्थान बनाया। हाई स्कूल में दिशा पाण्डेय ने 600 अंकों में 581 अंक लाकर 96.83 फीसदी अंक हासिल किए।

हाई स्कूल की टॉपर सूची में दूसरे स्थान पर आए पारितोष इंटर कॉलेज के छात्र अनुराग मिश्रा ने 96.67 फीसदी अंक हासिल किए। तीसरे स्थान पर पटेल इंटर कॉलेज के छात्र राज चौधरी ने अपना स्थान पक्का किया। उन्होंने 96.33 फीसदी अंक के साथ ही पारितोष इंटर कॉलेज के छात्र अशिकेत सोनकर व आलोक शाक्य के साथ स्थान साझा किया। अंजली सोनकर 96.17, रिया चौरसिया ने 95.50 फीसदी अंक हासिल कर मेरिट में अपना स्थान चौथे व छठवें स्थान पर साझा किया। दिव्या यादव ने 95.33 फीसदी के साथ सातवां वप्रिया पाल ने 9517 फीसदी अंक के साथ 8वां व दिव्यांशी सिंह ने 95 फीसदी अंक के साथ ही 9वां स्थान हासिल किया। दसवें स्थान पर वेदिका देवी, वंशिका निगम,अंजली गुप्ता व साक्षी पाल ने 94.83 फीसदी अंक पाए।



परिजनों के साथ दिशा पांडेय। अमृत विचार

### कोचिंग बगैर दिशा ने किया टॉप

- **कानपुर।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में पूरे जिले में प्रथम स्थान पर आने वाली दिशा पांडेय ने परीक्षा की तैयारी के लिए किसी कोचिंग की सहायता नहीं ली। पारितोष इंटर कॉलेज नौबस्ता की मेधावी छात्रा दिशा ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के लिए वे स्कूल के अलावा 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थीं। परीक्षा के समय 10-12 घंटे पढ़ाई करने लगीं। वे बड़ी होकर आईएएस अधिकारी बनना चाहती हैं। अधिकारी बनकर मां-पिता का नाम रोशन करना चाहती हैं। सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखने वाली दिशा के पिता मिलन पांडेय एक कपड़े की दुकान में काम करते हैं। मां ज्योति पांडेय गृहणी हैं। दिशा ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के लिए वे कई बार तो पारिवारिक आयोजनों में भी नहीं जाती थीं।



अपनों के साथ अमित साहू। अमृत विचार

### जितना मन उतनी ही पढ़ाई

- कानपुर। यूपी बोर्ड परीक्षा में इंटर में जिले में पहला स्थान हासिल करने वाले अमित साहू ने 96.2 फीसदी अंक हासिल किए हैं। अमित साहू पारितोष इंटर कॉलेज के छात्र हैं। गल्लामंडी निवासी आलोक के पिता राकेश साहू की परचून की दुकान है। मां रामदुलारी गृहणी हैं। अमित ने इससे पहले हाई स्कूल में भी जिले में तीसरी व प्रदेश में दसवीं रैंक में हासिल की थी। वे आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहते हैं। इसके लिए वे तैयारी भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे पढ़ाई के दौरान तनाव नहीं लेते थे, जितना मन होता था उतनी ही पढ़ाई करते थे। जितनी देर पढ़ाई करते थे, पूरे मन से करते थे। छात्रों को दिखावे के लिए नहीं, पूरे मन से पढ़ाई करनी चाहिए।

## इंटर परीक्षा में अमित बने शहर के टॉपर, प्रदेश में मिला 7वां स्थान

- अमित साहू, पारितोष इंटर कॉलेज, हंसपुर नौबस्ता - 481 / 500 अंक, 96.20 %
- अंजुल, गुरुप्रसाद गयापुसाद इंटर कॉलेज, नौरंगा- 476 / 500 अंक, 95.20 %
- अर्जुन दीक्षित, आरएस एजुकेशन सेंटर, बर्रा - 474 / 500 अंक, 94.80 %
- अर्पित कुशवाहा, एबीएस इंटर कॉलेज, धमना बुजुर्ग- 473/ 500- 94.60 %
- रजत यादव, महर्षि डीबीएल इंटर कॉलेज, उमरी – 472/ 500- 94.40%
- हरिओम द्विवेदी, पारितोष इंटर कॉलेज, हंसपुर नौबस्ता, 468/ 500- 93.60%
- जाह्नवी, ओंकारेश्वर इंटर कॉलेज, जवाहर नगर, सृष्टि बाजपेई, पारितोष इंटर कॉलेज तथा आयुष सचान, एबीएस इंटर कॉलेज - 467/ 500- 93.40%
- राज कुशवाहा, महर्षि डीबीएल इंटर कॉलेज, शिखर मिश्रा, पारितोष इंटर कॉलेज - 466/500 - 93.20%
- आदर्श वर्मा, पारितोष इंटर कालेज नौबस्ता व शेखर मिश्रा, ओंकारेश्वर सरस्वती विद्यानिकेतन, न्यू आजाद नगर - 465/500 - 93.00%
- अपर्णा सिंह, ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन, जवाहर नगर- 464/500 - 92.80%



### 7 घंटे रोज पढ़ाई

**कानपुर।** बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल में 96.67 फीसदी अंक लाकर जिले में दूसरी रैंक लाने वाले अनुराग मिश्रा आयकर अधिकारी बनना चाहते हैं। कर्रही निवासी अनुराग पारितोष इंटर कॉलेज के छात्र हैं। उनके पिता उमेश मिश्रा प्राइवेट जॉब कतरे हैं। मां प्रभा मिश्रा गृहणी हैं। परीक्षा में बेहतर अंक लोन के लिए उन्होंने रोजाना 6 से 7 घंटे पढ़ाई की है।



### अनुशासन को बताया मंत्र

यूपी बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल में 96.33 फीसदी अंक लाने वाले असिकेत सोनकर बड़े होकर सीबीआई अधिकारी बनना चाहते हैं। गल्ला मंडी निवासी असिकेत सोनकर के पिता रामबाबू सोनकर पुलिस विभाग में कार्यरत है। मां पुष्पा देवी गृहणी है। उन्होंने पढ़ाई में निरंतरता व अनुशासन को सफलता का मूल मंत्र बताया है।

### क्रिकेटर बनना चाहते हैं

यूपी बोर्ड परीक्षा में आयुष सिंह ने हाई स्कूल में 95.5 फीसदी अंक लाकर



जिले में छठवीं रैंक हासिल की है। आशा नगर नौबस्ता निवासी आयुष के पिता अजीत सिंह एक प्राइवेट नौकरी करते हैं। मां बबिता गृहणी है। वे बड़े होकर क्रिकेटर बनना चाहते हैं।

### देश सेवा जरूरी

परीक्षा के दौरान हाई स्कूल में 95.5 फीसदी अंकर लाकर जिले में छठवां



स्थान लाने वाले अमन यादव बड़े होकर देश सेवा करना चाहते हैं। इसके लिए वे सेना में जाने का प्रयास कर रहे हैं। परीक्षा में बेहतर अंक लाने के लिए वे रोजाना 6 से 7 घंटे पढ़ाई करते हैं।

### जतिन ने स्कूल टॉप किया

संजीव नगर कानपुर स्थित एम एल जे एल इंटर कॉलेज का दोनों कक्षाओं का परीक्षाफल 100% रहा। कक्षा 10 के 3 छात्रों जतिन शर्मा शुभम साहू आदर्श पांडे ने गणित में 100/100 अंक प्राप्तांक प्राप्त किए। जतिन शर्मा ने 91% प्राप्तांक हासिल करके विद्यालय टॉप किया। शुभम साहू के भी 90 फीसदी अंक रहे। प्रबंधक वीरेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य संजीव सिंह व अन्य सभी अध्यापकों ने सभी सफल छात्रों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी।



केपीवाई जनसहयोगी इंटर कॉलेज में खुशी से झूमते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### हाईस्कूल की प्रदेश में टॉप 10 सूची में शहर से पांच को स्थान मिला

- हाई स्कूल परीक्षा में पारितोष इंटर कॉलेज की दिशा पांडे 96.83% अंक पाकर न सिर्फ जिले की टॉपर बनीं, बल्कि उन्होंने प्रदेश की मेरिट सूची में भी 6वां स्थान हासिल किया। पारितोष इंटर कालेज के अनुराग मिश्रा 96.67% सातवें, आलोक शाक्य और राज चौधरी, एसवीएम पटेल गांधी ग्राम तीनों 96.33% अंक पाकर संयुक्त रूप से नवें स्थान पर रहे, जबकि परितोष इंटर कालेज की अंजली सोनकर 96.17 % दसवें स्थान पर रहीं।

**मेहनत का फल** | पहली बार बोर्ड परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

# हाईस्कूल में 95.20, इंटर में 86.14 फीसदी पास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल का पास परीक्षा प्रतिशत 95.20 फीसदी रहा है। इंटर की परीक्षा में शामिल हुए 86.14 फीसदी परीक्षार्थी पास हुए।

इंटरमीडिएट में 46,052 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में शामिल होने के लिए पंजीकरण किया था। इनमें 44,714 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें 38516 परीक्षार्थी पास हुए। इंटर का पास प्रतिशत 86.14 फीसदी रहा। हाई स्कूल की परीक्षा में पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 46,432 फीसदी रही। इनमें परीक्षा में 44,074 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। 41, 959 परीक्षार्थी पास घोषित किए गए। इस तरह से 95.20 फीसदी परीक्षार्थी पास घोषित किए गए।

जिले की रैंकिंग की बात की जाए तो कानपुर जिला पूरे प्रदेश में हाईस्कूल परीक्षा परिणाम के आधार पर चौथे स्थान पर आया है। कानपुर नगर से पहले भदोही 95.78, आगरा 95.40 व प्रयागराज 95.36 फीसदी परीक्षा परिणाम के साथ पहले स्थान से लेकर तीसरे स्थान तक आए। उधर इंटर परीक्षा परिणाम में कानपुर नगर जिला 16वें स्थान पर रहा। प्रदेश में पहले स्थान पर लखनऊ, दूसरे स्थान पर अमेठी व तीसरे स्थान पर अमरोहा है।



एस जे विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में उत्साहित छात्र। अमृत विचार

### जेल का सौ फीसदी परिणाम

- यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान इस बार कानपुर जिला कारागार से तीन परीक्षार्थियों ने इंटर की परीक्षा दी। परीक्षा में बैठे तीनों ही बंदी परीक्षा में सफल घोषित किए गए। इस बार हाई स्कूल की परीक्षा जेल से किसी भी बंदी ने नहीं दी है।

### दशकों बाद स्थान पाया

- यूपी बोर्ड परीक्षा में इस बार राजकीय स्कूल ने भी अपना स्थान पक्का किया है। राजकीय इंटर कॉलेज खेरसा बिधनू की छात्रा वेदिका देवी ने 94.83 फीसदी अंक लाकर पूरे जिले की मेरिट में दसवां स्थान पाया है। यूपी बोर्ड परीक्षा परिणामों में काफी लंबे समय बाद किसी जीआईसी कॉलेज का नाम मेरिट सूची में सामने आया है।

## हाईस्कूल के धाकड़



दिया पाण्डेय **94%** एसजे विद्या निकेतन इंटर कॉलेज



कृष्णा गुप्ता **92.33%** एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज



सूरज कुमार **91.83%** शिवा जी इंटर कॉलेज केशव नगर



उज्जवल पटेल **90%** एसजे विद्या निकेतन इंटर कॉलेज



उन्नती **90%** एसजे विद्या निकेतन इंटर कॉलेज



प्रिस सरदार **89.8%** गौ शिवा जी इंटर कॉलेज केशव नगर



अयान कश्यप **91.5%** एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज



कृष्णा शर्मा **94%** विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज



कनिका तिवारी **93%** विवेकानंद बालिका इंटर कॉलेज



अमितेश **91.8%** एनएल मेमोरियल पब्लिक स्कूल



श्रेया शुक्ला **94.3%** शिवा जी इंटर कॉलेज अर्रा



कृष्णा विश्वकर्मा **93.5%** शिवा जी इंटर कॉलेज अर्रा



अमन यादव **92.17%** शिवा जी इंटर कॉलेज अर्रा



साक्षी प्रजापति **93%** माउंट कार्मेल इंटरमीडिएट कॉलेज



शगुन सिंह **92%** कामद सरस्वती इंटर कॉलेज



गौरव यादव **92%** कामद सरस्वती इंटर कॉलेज



प्रशांत राजपूत **94%** सीवी रमन इंटरमीडिएट कॉलेज



प्रयाग दीक्षित **93%** केएसवीएम एजुकेशन सेंटर



शिवा सिंह तोमर **93.4%** सीवी रमन इंटरमीडिएट कॉलेज



सौम्य रंजन नायक **91.5%** सीवी रमन इंटरमीडिएट कॉलेज



आनंद त्रिपाठी **93.1%** डॉ. नरेन्द्र सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज



निहाल कुशवाहा **92.66%** एनएल मेमोरियल पब्लिक स्कूल



कुनाल सिंह **91.83 %** एनएल मेमोरियल पब्लिक स्कूल



गौरव यादव **91.5%** सीवी रमन इंटरमीडिएट कॉलेज



वैष्णवी सिंह **91.5%** सीवी रमन इंटरमीडिएट कॉलेज



लक्ष्मी शर्मा **91%** कामद सरस्वती इंटर कॉलेज



रुद्र चतुर्वेदी **91.6%** सीवी रमन इंटरमीडिएट कॉलेज

# मेधावियों ने सफल होकर बढ़ाया मान, खूब मिलीं बधाइयां

यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही अच्छे नंबरों से पास छात्र और छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। माता-पिता, भाई-बहनों और दोस्तों ने उन्हें गले लगकर बधाई दी और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। सफल मेधावियों ने स्कूल पहुंचकर शिक्षकों संग खुशियां बांटी। शिक्षकों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और बधाई दी।



कामद गिरि कालेज में सफल मेधावियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

## सौ फीसदी रहा परीक्षा परिणाम

**कानपुर।** नौबस्ता स्थित कामद गिरि इण्टर कालेज का कक्षा 10 एवं 12 का परीक्षाफल100 प्रतिशत रहा। जिसमें विधालय के कक्षा 10 के 4 मेधावी छात्रों ने गणित विषय में 100 में से 100 प्राप्तांक हासिल किए। कक्षा 12 के सत्यम सचान ने 65 प्रतिशत प्राप्तांक हासिल करने विद्यालय में टॉप किया। संस्था की प्रधानाचार्या अनीता शुक्ला व भगवत शुक्ला ने सभी सफल मेधावी छात्र व छात्राओं के परिश्रम की सराहना की।



न्यू स्टेपिंग स्टोंस के बच्चों ने खुशी मनाई। अमृत विचार

## न्यू स्टेपिंग स्टोन्स इंटरनेशनल स्कूल का शानदार परिणाम

**कानपुर।** न्यू स्टेपिंग स्टोन्स इंटरनेशनल स्कूल रतनलाल नगर के छात्र छात्राओं ने परचम लहराया। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम शानदार रहा जिसमें आतिया कुरैशी 92 .33 फीसदी, विशाल 91 .83 फीसदी, यश वर्मा 91 .66 फीसदी, अनुष्का यादव 91 .33 फीसदी, वरदान सिंह चौहान 90 .83 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ रहे। इण्टरमीडिएट में विद्यालय में प्रथम स्थान अनन्या यादव 86 .8 ने द्वितीय स्थान द्विव्यांशी त्रिपाठी 86 .2 एवम तृतीय स्थान काव्या द्विवेदी 86 का रहा।


मेधावी बच्चों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। अमृत विचार

## रतनचंद्र खत्री के बच्चों ने बढ़ाया मान

कानपुर। रतनचंद्र खत्री सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम इस बार सौ फीसदी रहा। इनमें हाई स्कूल के मेधावी प्रांशी पाण्डेय ने 93 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल में सबसे अधिक अंक प्राप्त किए। इसी तरह इंटर के वैष्णवी द्विवेदी ने 85 फीसदी अंक हासिल किए। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक डॉ. आरसी कपूर, प्रधानाचार्य आरके मिश्रा, उप प्रधानाचार्य आशुतोष शुक्ला ने बच्चों को सफलता के मंत्र दिए।


सीवी रमन कालेज में मेधावी बच्चों के साथ शिक्षक मौजूद रहे। अमृत विचार

## शानदार रिजल्ट रहा

**कानपुर।** डॉ. सीवी रमन इंटर कॉलेज पनकी का परीक्षा परिणाम सौ फीसदी रहा। स्कूल की ओर से बताया गया कि इस बार परीक्षा में हाईस्कूल के लिए 148 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें छात्र आर्यन मिश्रा ने सर्वाधिक 87 .20 फीसदी अंक हासिल किए।



स्कूल के स्टाफ के साथ सफल विद्यार्थी। अमृत विचार

## बच्चों ने स्कूल का नाम रोशन किया

**कानपुर।** बीएसएस इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट की छात्रा अलशिफा खान ने 90 फीसदी अंक अर्जित किए। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित हुए 350 विद्यार्थी में से 297 विद्यार्थी ससम्मान (ऑनर्स) उत्तीर्ण हुए हैं। हाईस्कूल के दो छात्र अर्पित कुशवाहा एवं अंकुर दिवाकर ने गणित विषय में 99 अंक अर्जित किये हैं।

## अर्जुन दीक्षित के 94.8 फीसदी अंक

- **कानपुर।** आरएस एजुकेशन सेंटर इंटर कॉलेज का हाई स्कूल व इंटर का परीक्षाफल सौ फीसदी रहा। इस परीक्षाफल में इंटर के छात्र अर्जुन दीक्षित के 94 .8 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इसी तरह हाई स्कूल की छात्रा कशिश अग्रवाल ने 92 फीसदी अंक हासिल किए हैं। स्कूल के प्रबंधक वीके मिश्रा, निदेशक अनिकेत मिश्रा, प्रधानाचार्य प्राची मिश्रा ने मेधावियों को सफलता का गुरुमंत्र दिया।

## अनुशासन का गुरुमंत्र

- **कानपुर।** केपीवाई जंसहयोगी इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। इंटरमीडिएट में छात्र रौनक द्विवेदी ने 91 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल में छात्र ईशु प्रजापति ने 92 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के डायरेक्टर संदीप मिश्रा, मैनेजर अमिता मिश्रा एवं प्रिंसिपल डॉ. राजीव मिश्रा ने बच्चों को अनुशासन का गुरुमंत्र दिया।

## सिटी ब्रीफ

### बिकरू कांड की आरोपी खुशी ने पास की इंटर की परीक्षा

**कानपुर।** बिकरू कांड की आरोपी खुशी दुबे ने जेल से रिहा होने के बाद नई शुरुआत करते हुए यूपी बोर्ड इंटर परीक्षा में 60 .8% अंक हासिल कर फर्स्ट डिवीजन प्राप्त किया है। गैंगस्टर विकास दुबे के भतीजे अमर दुबे की पत्नी खुशी ने बताया कि कोर्ट-कचहरी, वकीलों के चक्कर और मां के इलाज के बीच पढ़ाई जारी रखी। 30 महीने जेल में रहने के बाद जमानत पर छूटकर उन्होंने दोबारा पढ़ाई शुरू की। खुशी का लक्ष्य अब वकील बनकर अपने जीवन को नई दिशा देना है।



### जतिन शर्मा रहे स्कूल के टॉपर

**कानपुर।** संजीव नगर कानपुर स्थित एम एल जे एल इंटर कॉलेज का दोनों कक्षाओं का परीक्षाफल 100% रहा। कक्षा 10 के 3 छात्रों जतिन शर्मा शुभम साहू आदर्श पांडे ने गणित में 100/100 अंक प्राप्तांक प्राप्त किए। जतिन शर्मा ने 91% प्राप्तांक हासिल करके विद्यालय टॉप किया। शुभम साहू के भी 90 फीसदी अंक रहे। प्रबंधक वीरेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य संजीव सिंह व अन्य सभी अध्यापकों ने सभी सफल छात्रों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी। उन्होंने स्कूल का नाम रोशन करने का श्रेय बच्चों और शिक्षकों की मेहनत को दिया।

### इंटरनेट चला स्लो

**कानपुर।** परिणाम आने के दौरान कुछ समय के लिए इंटरनेट धीमा हो गया। इसके चलते बच्चों को परीक्षा परिणाम देखने में परेशानी भी हुई। इंटरनेट की स्पीड धीमी होने से बच्चों में परेशानी भी देखी गई। शाम 4 के बाद परेशानी का परीक्षार्थियों को सामना करना पड़ा।

## हाईस्कूल के मेधावी



- मयंक पाल **91.8%** डॉ. नरेन्द्र सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज
- मो. अबान **91%** माउंट कार्मेल इंटरमीडिएट कॉलेज
- अनिकेत मिश्रा **91%** विवेकानंद इंटर कॉलेज बर्रा-2
- रवि यादव **93%** विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज
- आयुष त्रिपाठी **91.2%** डॉ. नरेन्द्र सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज



- मुस्कान मिश्रा **90.5%** एनएल मेमौरियल पब्लिक स्कूल
- दीपक यादव **90.1%** एनएल मेमौरियल पब्लिक स्कूल
- आशी शर्मा **90%** विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज
- अदित्या पाण्डेय **90%** विवेकानंद इंटर कॉलेज बर्रा-2
- शिवम गुप्ता **91%** कामद सरस्वती इंटर कॉलेज



- हर्षित भदौरिया **90%** विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज
- आयुष विश्वकर्मा **89.33%** विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज
- हर्ष गुप्ता **89.67%** केएसवीएम एजुकेशन सेंटर
- अविका **88.66%** एनएल मेमोरियल पब्लिक स्कूल
- नेहा सिंह **88.16%** एनएल मेमोरियल पब्लिक स्कूल

# पिता नहीं थे, मां ने घरों में काम करके पढ़ाया, बेटी ने मान बढ़ाया

**कानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में हाई स्कूल की छात्रा अंजलि सोनकर ने 96.16 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में दसवां और शहर में चौथा स्थान प्राप्त किया। वर्ष 2016 में बीमारी के चलते उनके पिता विनोद सोनकर की मौत हो गई थी। इसके बाद परिवार पर आर्थिक संकट टूट पड़ा। मां मजदूरी की, घर-घर जाकर चौका बर्तन किया और अब रस्सी फैक्ट्री में काम कर परिवार चला रही हैं। बेहद गरीब हालात के चलते पढ़ाई छूटने का खतरा था लेकिन स्कूल प्रबंधन ने सहारा दिया। अंजलि व इसी स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ने वाली छोटी बहन आनंदी से फीस नहीं ली गई और उसे निशुल्क पढ़ाया गया। इसी सहारे उसने अपनी पढ़ाई जारी रखी और मेहनत से यह मुकाम हासिल किया । अंजलि बताती हैं कि वह रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई करती हैं और परीक्षा के समय और ज्यादा मेहनत करती हैं। अपनी सफलता का श्रेय वह मां, स्कूल के टीचर और स्कूल प्रिंसिपल रचना अवस्थी को देती हैं। उनका सपना है कि वह एसएससी सीजीएल पास कर इनकम टैक्स अधिकारी बनें।



मां और शिक्षिका के साथ अंजलि। अमृत विचार

## आलोक शाक्य की इंजीनियर बनने की चाह

**कानपुर।** नौबस्ता बम्बा दुर्गा विहार हाईस्कूल के छात्र आलोक शाक्य ने 96 .33 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में नौवां और शहर में तीसरा स्थान पाया। साधारण परिवार के छात्र ने मेहनत के दम पर यह सफलता हासिल की और अब इंजीनियर बनने का सपना देख रहा है। आलोक के पिता विकास सिंह मोबाइल की दुकान चलाते हैं जबकि मां भावना कुमारी गृहणी हैं। आलोक ने बताया कि वह रोज नियमित पढ़ाई करते थे और परीक्षा के समय अधिक समय देकर तैयारी को मजबूत किया।



## इंटरमीडिएट के मेधावी



- इमरान खान **91%** ओमकारनाथ धवन इंटर कॉलेज
- अन्नया शर्मा **83%** ओमकारनाथ धवन इंटर कॉलेज
- अंशिका गुप्ता **82%** ओमकारनाथ धवन इंटर कॉलेज



- आर्यन मिश्रा **87.2%** सीवी रमन इंटरमीडिएट कॉलेज
- संजय कुमार **87%** सीवी रमन इंटरमीडिएट कॉलेज
- नितिन सिंह **85.4%** सीवी रमन इंटरमीडिएट कॉलेज



- अराध्या शुक्ला **92%** एसजे विद्या निकेतन इंटर कॉलेज
- हर्षिता प्रजापति **86%** एसजे विद्या निकेतन इंटर कॉलेज
- रौनक द्विवेदी **90.6%** केपीवाई जनसहयोगी इंटर कॉलेज


माउंट कार्मेल इंटरमीडिएट कॉलेज में खुशियां मनाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार



- गौरी तिवारी **81%** विवेकानंद बालिका इंटर कॉलेज
- विदित कुमार **83%** माउंट कार्मेल इंटरमीडिएट कॉलेज
- अभिनव त्रिवेदी **86.2%** एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज
- अभिनव यादव **84.6%** एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज
- जितेश कुमार **89%** केपीवाई जनसहयोगी इंटर कॉलेज
- सूरज राजपूत **88.4%** केपीवाई जनसहयोगी इंटर कॉलेज
- उन्नति पाण्डेय **87.2%** केपीवाई जनसहयोगी इंटर कॉलेज



- इकरा बानो **82%** प्रकाश विद्या मंदिर दबौली
- प्रिया श्रीवास्तव **88%** विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज
- गायत्री मिश्रा **89%** विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज
- रागिनी शर्मा **90%** विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज
- नैंसी वर्मा **87%** केपीवाई जनसहयोगी इंटर कॉलेज
- नमन शुक्ला **83.20%** केएसवीएम एजुकेशन सेंटर
- सार्थक जायसवाल **83%** माउंट कार्मेल इंटरमीडिएट कॉलेज

## सिटी ब्रीफ

### पुष्पा भाटिया की आंखों से दो जिंदगियां होंगी रोशन

**कानपुर।** नेत्रदान के प्रति जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए कृष्णा नगर क्षेत्र में 227वां नेत्रदान संपन्न हुआ। गुरुवार को 86 वर्षीय स्वर्गीय पुष्पा भाटिया का निधन हो गया। उनके पुत्र सुंदर श्याम भाटिया व भतीजे मोहित भाटिया ने तत्काल नेत्रदान प्रेरक व पूर्व पार्षद मदन लाल भाटिया से संपर्क कर नेत्रदान की इच्छा जाहिर की। मदन लाल भाटिया के प्रयास से शहर के मेडिकल कॉलेज जीएसवीएम की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी मोहन के निर्देशन में डॉ. मोनिका सिंह, डॉ. उज्ज्वल व डॉ. आंचल की टीम ने स्वर्गीय पुष्पा भाटिया के दोनों कॉर्निया सुरक्षित कर लिए। इन कॉर्निया को प्रत्यारोपित कर दो जरूरतमंदों को नई रोशनी दी जाएगी।

### सरगना मनीष की तलाश में जुटी पुलिस

**कानपुर।** अंतरराज्यीय गैंग का सरगना व मास्टरमाइंड मनीष उर्फ प्रोफेसर आईपीएल ही नहीं बल्कि पाकिस्तान सुपर लीग मैचों में भी सट्टा लगवाता था। क्राइम ब्रांच व फजलगंज पुलिस फरार चल रहे मनीष उर्फ प्रोफेसर की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। आईपीएल मैचों में सट्टा खिलवा रहे पांच सदस्यों को फजलगंज पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसमें नजीराबाद के कौशलपुरी निवासी कार्तिक लखवानी व फजलगंज बंबा रोड निवासी राजकुमार कार में घूम-घूमकर पैसा लगवाते थे। वहीं गुजरात का कल्पेश, रवि नाई और विष्णु कैश का काम देखते थे। पुलिस अब जबलपुर निवासी सरगना मनीष उर्फ प्रोफेसर की गिरफ्तारी में लगी है। पुलिस सूत्रों की मानें तो मनीष आईपीएल की तर्ज पर पाकिस्तान में चल रहे सुपर लीग में भी सट्टा लगवाता था। फजलगंज थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी मनीष की आखिरी लोकेशन पुणे में पाई गई। टीम वहां के लिए रवाना हुई है।

### जुर्माना भरकर दो बंदियों की रिहाई

**कानपुर।** जिला कारागार में निरुद्ध दो सिद्धदोष बंदियों को गुरुवार को रिहाई मिल गई, जो अपनी मूल सजा पूरी कर चुके थे, लेकिन अर्थदंड अदा न कर पाने के कारण जेल में थे। जेल अधीक्षक आरके पांडेय के अनुसार उन्नाव निवासी अकबर अली को एक वर्ष का कारावास व 1000 रुपये जुर्माना लगाया गया था। कानपुर के राजेश उर्फ राजू बिजली वाला को चार वर्ष का कारावास व 5000 रुपये अर्थदंड लगा था। स्वयंसेवी संस्था अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से दोनों बंदियों का जुर्माना जमा कराया गया। इसके बाद औपचारिकता पूरी कर 23 अप्रैल को दोनों को रिहा किया गया। इस दौरान संस्था के चेयरमैन आशुतोष बाजपेई, चिकित्सा सचिव अंकुश अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रवीन पासान व विजय सेठ रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कानपुर।** सेन पश्चिम पारा में मानसिक कमजोर 25 वर्षीय युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। कुंज विहार निवासी रोशन लाल का बेटा सुग्रीम का शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। कबाड़ का काम करने वाले रोशन लाल ने बताया कि परिवार में पत्नी मालती, बेटी ममता और तीन शनि कुमार, संदीप कुमार व सुग्रीम था। उन्होंने बताया कि सुग्रीम मानसिक कमजोर था। उसका काफी समय से हैलट से इलाज चल रहा था। बुधवार रात उसने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली।

पड़ोस में लगे सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध महिला और पुरुष, तीन को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

# बदमाशों से भिड़ गईं थीं निर्मला किसी करीबी पर हत्या का शक

- बदमाशों से बचने के लिए बेड के नीचे घुसीं थीं निर्मला, पुलिस को मिले अहम सुराग


घर के बाहर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार


हरेंद्र से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर आवास विकास एक में बदमाशों ने गुरुवार दिनदहाड़े सेवानिवृत्त लेक्चरर के घर में घुसकर उनकी पत्नी निर्मला का गला रेतकर हत्या करने के बाद लूटपाट की। घटना के समय वृद्धा घर में अकेली थीं। पुलिस की जांच में पता चला कि निर्मला और बदमाशों में संघर्ष हुआ है। ऐसे कमरे के हालात बता रहे हैं।

डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि पड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच में सामने आया है कि घर में एक भगवा अंगौछा युवक दोपहर करीब सवा एक बजे घर के अंदर घुसा है। इसके बाद करीब 55 मिनट बाद वह बाहर आया है। इस दौरान एक महिला का भी मूवमेंट घर के बाहर देखा गया है। युवक जब घर के अंदर गया तो उसका हाथ खाली था। लेकिन कमरे से बाहर आते समय उसके हाथ में एक झोला था। युवक के अंगौछा ओढ़े होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। उसके शरीर व हावभाव से पता लगाया जा रहा है। डीसीपी ने बताया कि सर्विलांस टीम को भी लगाया गया है। हरेंद्र ने बताया कि घर में काम करने वाली उषा भी इलाके में ही रहती है। सुबह वह काम करने आई थी। इसके बाद करीब 12 बजे गई है। अमूमन इतनी जल्दी नहीं जाती थी। वारदात के बाद जब उसका फोन मिलाया गया तो वह स्विचऑफ बता रहा है। सीसीटीवी में कैद महिला व नौकरानी में मिलान करके भी देखा जा रहा है।

#### नौकरानी व एसी मैकेनिक को उठाया

- डीसीपी के अनुसार हरेंद्र से पूछताछ में पता चला कि वारदात से करीब 30 मिनट पहले ही नौकरानी घर से निकली थी। वहीं गुरुवार को ही एसी की सर्विस के लिए भी दो मैकेनिक आए थे। इसी आधार पर नौकरानी और दोनों एसी मैकेनिक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पता किया जा रहा है कि वारदात के समय आखिरकार तीनों की लोकेशन क्या थी। डीसीपी ने बताया कि जांच में कई अहम सुराग मिले हैं।

#### सीसीटीवी में कैद घटनाक्रम

- **1.06 बजे दोपहर** – सेवानिवृत्त शिक्षक हरेंद्र कुमार सिंह घर से निकले।
- **1.16 बजे दोपहर** – बदमाश अंगौछा ओढ़कर घर के भीतर दाखिल हुआ।
- **2.10 बजे दोपहर** – बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद घर से बाहर निकला।
- **2.17 बजे दोपहर** – घर के पास एक महिला की भी मूवमेंट मिली।


खोजी कुत्ता लाया गया। अमृत विचार

#### बुधवार को मनाया था पति का जन्मदिन

- सेवानिवृत्त हरेंद्र कुमार सिंह का बुधवार को जन्मदिन था। उनकी पत्नी निर्मला ने घर में ही जन्मदिन मनाया था। वहीं बाहर रहे बच्चों ने वीडियो कॉल करके पिता को बधाई दी थी। दिनभर लोगों का आना-जाना भी रहा। नौकरानी भी बुधवार को दिन में अधिकांश समय घर में रही थी। हरेंद्र के अनुसार कई बार वह बाहर गई, लेकिन लौट आई।

#### 29 अप्रैल को शादी में जाना था कोलकाता

- लेक्चरर हरेंद्र कुमार ने बताया कि 29 अप्रैल को उन्हें भतीजी की शादी में कोलकाता जाना था। जिसकी तैयारी में जुटे थे। सामान की पैकिंग कर ली थी। वहां कोई दिक्कत न हो इसके लिए दवा लेने घर से 800 मीटर दूर मेडिकल स्टोर गए थे। उन्हें आने-जाने में करीब आधा या पौन घंटा लगा होगा। जब लौटकर आए तो लहूलुहान पत्नी को देखकर सन्न रह गए। मां की हत्या की खबर पाकर तीनों बच्चे निकल चुके हैं। बुजुर्ग हरेंद्र को मोहल्ले के लोगों ने संभाला।


डीएम ने बैठक कर दिए निर्देश। अमृत विचार

# 137 नर्सिंग होम राहवीर योजना में होंगे शामिल

- पीडब्ल्यूडी की 83 में से 68 फीसदी सड़कें खराब मिलीं
- हाईवे से अतिक्रमण हटाने को टास्क फोर्स बनेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) को सुरक्षित बनाया जाएगा। जिले के 137 नर्सिंग होम को राहवीर योजना के तहत चिह्नित किया जाएगा, वहीं हाईवे से अतिक्रमण हटाने और दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए टास्क फोर्स बनाई जाएगी। जिले में पीडब्ल्यूडी की 68 फीसदी सड़कों पर ब्लैक स्पॉट हैं। पीडब्ल्यूडी की सिर्फ 26 सड़कें ही सही हैं।

सड़क दुर्घटनाओं को कम करने को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार हाईवे सुरक्षा टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा, जो राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे से अतिक्रमण हटाने के साथ भूमि उपयोग की निगरानी भी करेगी। सेव लाइफ फाउंडेशन के सर्वे में जनपद में 264 दुर्घटना हाईवे किनारे अतिक्रमण के कारण हुए हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों के 167 स्थलों पर सुधार कराया गया है। लेकिन पीडब्ल्यूडी की 83 में से केवल 26 सड़कें ही ठीक हैं, जबकि 57 स्थल अब भी खराब हैं जहां ब्लैक स्पाट भी हैं। इनके सुधार के लिए 91.36 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। राहवीर योजना के तहत 137 अस्पतालों में दुर्घटना पीड़ितों का मुफ्त इलाज होगा। हाईवे पर अवैध पार्किंग रोकने के लिए ट्रक ले-बाय और वे-साइड सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# बैरिकेडिंग की रस्सी में फंसकर वृद्ध की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा में सड़क निर्माण के दौरान बांधी गई रस्सी केडीए से सेवानिवृत्त सुपरवाइजर रंजीत सिंह (61) के लिए जानलेवा साबित हुई। उनकी बाइक इस रस्सी में उलझकर फिसल गई थी। इससे वह काफी दूर तक घिसटते चले गए। इससे उनके सिर, चेहरे के साथ ही अंदरूनी चोटें आ गई थीं। अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

बर्रा आठ निवासी रंजीत सिंह के परिवार में पत्नी शिवप्यारी और बेटे अजीत व शंकर हैं।

बेटे शंकर ने बताया कि रंजीत पिछले साल जुलाई में रिटायर हुए थे। गुरुवार सुबह रंजीत साउथ सिटी के पास स्थित अपने गांव टिकरा गेहूं कटवाने के लिए बाइक से गए थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह वापस घर लौट रहे थे। घर से करीब एक किलोमीटर पहले रामगोपाल चौराहे के पास निर्माणाधीन सड़क पर लगी बैरिकेडिंग की सफेद रस्सी में उनकी बाइक फंस गई। इससे वह बाइक समेत काफी दूर तक घिसटते चले गए और सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों ने उन्हें उठाया तो उन्होंने ठीक होने की बात कहते हुए बेटे अजीत को फोन कर मौके पर बुलाया।

अजीत उन्हें नजदीकी निजी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें घर भेज दिया। घर पहुंचने के कुछ देर बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ गई और सीने में तेज दर्द की शिकायत होने लगी। घबराए परिजन उन्हें तुरंत सर्वोदय नगर स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## जहरीला पदार्थ खा युवक ने दी जान

**कानपुर।** चकेरी में पार्क में बेसुध मिले युवक को परिजन अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम भेजा।

महाराजपुर के अलौलापुर निवासी 43 वर्षीय धर्मपाल खेती-किसानी करते थे। परिवार में पत्नी ज्ञानवती, बेटी महक हैं। भाई हरनाम सिंह ने बताया कि धर्मपाल के मामिया ससुर की मौत हो गई थी। इसलिए मंगलवार को वह गंगापार गए थे। बुधवार शाम को वहां से लौट रहे थे। चकेरी पार्क में उन्हें बेसुध पड़ा देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस से परिजनों को जानकारी हुई। खबर पाकर पहुंचे परिजन उसे हैलट ले गए। जहां इलाज के दौरान देर रात धर्मपाल की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार यह कदम उसने क्यों उठाया, इसकी वजह स्पष्ट नहीं है। पुलिस जांच कर रही है।

# कचहरी की पांचवीं मंजिल से कूदे अधिवक्ता

- सुसाइड नोट में निवेदन किया कि बच्चों को उतना ही टार्चर करें जितना वह बर्दाश्त कर पाएं
- लिखा कि मेरी लाश को मेरे पापा छू न पाएं, मैं उन पर कोई कार्रवाई नहीं करना चाहता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कचहरी में गुरुवार दोपहर अधिवक्ता ने पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। वकीलों की भीड़ लग गई। खबर पाकर डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता, एडीसीपी अंजलि विश्वकर्मा, एसीपी आशुतोष कुमार पहुंचे और कचहरी परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किया। जिसमें अधिवक्ता पांचवें खंड पर टूटी खिड़की की बाउंड्री पर बैठा दिखा। करीब 15 मिनट बाद वह कूद गया। अधिवक्ता के दो पेज के सुसाइड नोट में पिता के प्रति गहरी नाराजगी व नफरत दिखी। सुसाइड नोट में उसने निवेदन के साथ लिखा कि मेरी लाश को मेरे पापा छू भी न पाएं। मैं उन पर कोई कार्रवाई नहीं करना चाहता, ताकि मेरा परिवार बर्बाद न हो।


प्रियांशु श्रीवास्तव।

बर्रा आठ वरुण विहार निवासी अधिवक्ता राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव का 23 वर्षीय बेटा प्रियांशु पिता के साथ प्रैक्टिस करता था। गुरुवार दोपहर प्रियांशु कचहरी की पांचवी मंजिल पर पहुंचा, जहां टूटी खिड़की की बाउंड्री पर बैठ गया। करीब 15 मिनट तक खिड़की के पास बैठा रहा और फिर कूदकर जान दे दी। आवाज सुनकर अधिवक्ताओं की भीड़ लग गई। साथी अधिवक्ता पुलिस के साथ उसे उर्सला ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रियांशु के मोबाइल में दो पेज का सुसाइड नोट पुलिस को मिला। पुलिस जांच में सामने आया कि सुसाइड से पहले करीब 12 बजे उसने दो पेज का सुसाइड नोट लिखा। आत्महत्या से 21 मिनट पहले व्हाट्सएप स्टेटस पर सुसाइड नोट लगाया। जिसे अपने पिता व दोस्तों को भी फारवर्ड किया। जब तक परिजन व दोस्त सुसाइड नोट पढ़ते उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मोबाइल कब्जे में लिया है।

#### मेरी अंतिम इच्छा है सब लोग सुसाइड नोट अंत तक पढ़ें

- मैं प्रियांशु श्रीवास्तव पुत्र राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव उम्र 23 वर्ष 11 माह 7 दिन। निवासी वरुण विहार का हूं। 23-4-2026 समय दोपहर 12.05 बजे अपने पूरे होशो हवास में बिना किसी जोर-दबाव अपनी पूर्ण सहमति से सुसाइड नोट लिख कर अपनी जान दे रहा हूं। मैंने अपनी लॉ की पढ़ाई 2025 में पूरी की है। कहानी शुरू होती है मेरे बचपन से, करीब 5 या 6 वर्ष की उम्र से ही मुझे मानसिक यातनाएं मिलनी शुरू हो गईं। भविष्य में ऐसी नौबत किसी की न आए। इसके बाद प्रियांशु ने अपनी अब तक की कहानी लिखी। जिसमें उसने जिक्र किया कि पिता हर बार निर्वस्त्र करके घर से भगा देने की धमकी देते थे। पढ़ाई के लिए जरूरत से ज्यादा प्रेशर बनाना, शक की नजरों से देखना, एक-एक मिनट का हिसाब लेना, कहां जा रहे हो, कब आओगे, किसका फोन आया है, क्या बातें की आदि मानसिक टॉर्चर ही है। धमकी दी गई कि अगर हाईस्कूल में नंबर कम आए तो पूरा निर्वस्त्र कर घर से भगा देंगे। रोज घुट-घुट कर मरने से लाख गुना बेहतर है कि एक दिन मरके खत्म होना। आखिर में अभिभावकों से अपील की कि अपने बच्चों को उतना ही टॉर्चर करें, जितना वो बर्दाश्त कर सकें। निवेदन है कि मेरी लाश को मेरे पापा छू भी न पाएं।

# जेवर बनवाने के लिए दिए 11.50 लाख रुपये ज्वैलर्स ने हड़प लिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बेकनगंज में युवती ने जेवर बनवाने के नाम पर ज्वेलर्स पर 11.50 लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट कराई है। दलेलपुरवा की नजमुश अंसारी ने दी तहरीर में बताया कि दिसंबर 2025 में वह अपनी शादी के लिए सोने-चांदी के जेवर की खरीदारी करने न्यू रहनुमा ज्वेलर्स तलाक महल पहुंची थी। जहां दुकान मालिक मो. नदीम से 70 ग्राम सोने के सिक्के और दो किलो चांदी का सौदा 12.39 लाख रुपये में तय हुआ। बीती 11 दिसंबर को एक लाख रुपये ट्रांसफर किया। इसके बाद बाकी की रकम 6.50 लाख व चार लाख रुपये नदीम ने अपने कर्मचारी अहमद फराज व मो. आकिल के नाम चेक कटवाई। भुगतान के बाद ज्वेलर्स ने न तो जेवर दिया और न ही पैसे लौटाए। 10 फरवरी को उसके घर गईं। जहां उसकी पत्नी अफसाना रईस, बेटा राफे, साली जुगनू, भाई तस्लीम उर्फ राहिल व वसीम और बहनोई लईक ने गाली-गलौज कर अभद्रता की। आरोप है कि थाने में सुनवाई न होने पर डीसीपी सेंट्रल से न्याय की गुहार लगाई।

## सिलेंडर न मिलने पर हंगामा, लगाया जाम

**कानपुर।** गैस किल्लत से परेशान लोग तपती धूप में एजेंसी के चक्कर काटने को मजबूर हैं। गुरुवार को भाभानगर स्थित गैस एजेंसी में जमकर हंगामा हुआ। लोगों को सिलिंडर नही मिले तो हंगामा करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। सनिगवां निवासी राजेश पाल, मंगला विहार निवासी जयकरन, उमेश कुमार, भाभानगर निवासी लोकेश ने बताया कि वह सभी पिछले एक सप्ताह से सिलिंडर के लिए एजेंसी के दौड़ लगा रहे हैं। लेकिन सिलिंडर नही मिल पा रहा है। उनका कहना था कि लोकेश ने बताया कि डीएससी नंबर मिलने के बाद भी सिलेंडर नही मिल रहा है और एजेंसी पहुंचने पर कोई स्पष्ट जवाब नही देता है। लोगों ने बताया कि तपती धूप में परेशान हो रहे हैं। जिससे तंग आकर हंगामा किया और सड़क पर जाम लगा दिया। जाम लगने से वाहनों की लाइन लगने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस लोगों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित लोग मानने को तैयार नही थे। पुलिस ने एजेंसी संचालक से बात कर सभी को सिलिंडर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। तब जाकर करीब आधे घंटे बाद हंगामा खत्म हुआ। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि सिलिंडर न मिलने से परेशान होकर लोग हंगामा कर रहे थे। यदि कोई तहरीर मिली तो कार्रवाई की जाएगी।


एडिशनल कमिश्नर विजय प्रकाश राम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। अमृत विचार

# कांग्रेस का व्यापारियों के मुद्दों पर प्रदर्शन, ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारियों की समस्याओं को लेकर कानपुर महानगर कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को जोरदार प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-प्रथम विजय प्रकाश राम को ज्ञापन सौंपते हुए व्यापारियों के साथ हो रहे कथित अन्याय पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभागीय कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि वैट (पुरानी प्रणाली) का सर्वर बंद होने के कारण व्यापारियों के वर्षों पुराने रिफंड, असेसमेंट और अन्य प्रक्रियाएं लंबित पड़ी हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि जीएसटी लागू होने से पहले के मामलों का निस्तारण केवल सर्वर बंद होने के कारण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने इसे व्यापारियों के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि कानपुर जैसे औद्योगिक शहर में यह स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सर्वर बंद होने के पीछे भुगतान न होने की बात सामने आ रही है, जो व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। ज्ञापन में कांग्रेस ने जीएसटी से जुड़े अन्य मुद्दे भी उठाए, जिनमें ई-वे बिल में मामूली त्रुटियों पर कार्रवाई, सेक्शन-32 की बहाली, पुराने मामलों को न खोलने और पंजीकरण में सुधार का अवसर देने जैसी मांगें शामिल हैं। एडिशनल कमिश्नर विजय प्रकाश राम ने समस्याओं को स्वीकार करते हुए शासन स्तर पर पत्र लिखने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और कार्यक्षेत्र संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाएगी।

विश्व हार्मोन दिवस पर विशेष

पुरुषों में चार प्रकार के हार्मोन गड़बड़ाने से होती हैं स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं

# हैलट में रोज 30 फीसदी मरीज पहुंच रहे हार्मोनल समस्या ग्रस्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 30 फीसदी ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं, जो हार्मोनल संबंधित समस्या ग्रस्त होते हैं, इसकी वजह से कुछ महिला या पुरुष को संतान की प्राप्ति तक नहीं हो पाती है। इसके अलावा कई प्रकार के विकार भी बढ़ जाते है, जिसकी वजह पर्याप्त नींद न लेना, अनियमित जीवनशैली, अच्छा आहार न लेना व व्यायाम न करना आदि कारण है। लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को विश्व हॉर्मोन दिवस मनाया जाता है।

मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग में डॉ.एसके गौतम ने बताया कि पुरुषों में चार प्रकार के हार्मोन रिलीज होते हैं, जो पुरुष के स्वास्थ्य, मांसपेशियों के विकास, मूड और यौन क्षमता को नियंत्रित करने के लिए शरीर में हार्मोन का संतुलन महत्वपूर्ण होते हैं। पहला टेस्टोस्टेरोन, जो यौन हार्मोन है, जो मांसपेशियों, हड्डियों की मजबूती, सेक्स ड्राइव, शारीरिक क्षमता, बल और शुक्राणु उत्पादन के लिए जिम्मेदार है। यह हार्मोन तब बिगड़ता है, जब मोटापा, अत्यधिक तनाव, नींद की कमी और पौष्टिक आहार की कमी होती है। इसके गड़बड़ाने या कम होने से थकान, कमजोरी, अवसाद, ध्यान केंद्रित करने में कमी होती है और हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। दूसरा कोर्टिसोल, यह तनाव के समय एड्रेनल ग्रंथियों द्वारा जारी किया जाता है।

जब तनाव लंबे समय तक रहता है तो यह अनियंत्रित हो जाता है। यह क्रोनिक स्ट्रेस (लगातार तनाव), नींद की कमी और बहुत अधिक वर्कआउट की वजह से बिगड़ता है। इसकी वजह से टेस्टोस्टेरोन का उत्पादन कम हो जाता है, पेट के आसपास चर्बी जमा होने लगती है। हाई ब्लड प्रेशर, नींद न आना, चिड़चिड़ापन और रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी होती है। तीसरा थायराइड हार्मोन होता है।


कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य प्रो.संजय काला। अमृत विचार

#### एक हजार लोगों को जागरूक किया

- हैलट अस्पताल की ओपीडी में एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया, कानपुर अध्याय के सहयोग से हॉर्मोन से संबंधित बिमारियां व इलाज के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। ओपीडी में मौजूद एक हजार मरीज व तीमारदारों को जागरूक किया। प्राचार्य प्रो.संजय काला ने हार्मोन अनियंत्रित होने की वजह से शरीर में होने वाले नुकसानों की जानकारी दी। उप प्राचार्य प्रो.रिचा गिरी ने हार्मोन न अनियंत्रित हो, इसके लिए जरूरी टिप्स दिए। डॉ.एसके गौतम ने पुरुषों के हार्मोंस से संबंधित जानकारी दी। वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.नीना गुप्ता ने महिलाओं में हॉर्मोंस से संबंधित स्वास्थ्य व बिमारियों के बारे में बताया।

#### डायबिटीज, लिवर फैटी व पड़ता अटैक

- चौथा इंसुलिन, जो शरीर में रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करता है। जब यह हार्मोन असंतुलित हो या शरीर इसका सही उपयोग नहीं कर पाता तो कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होती हैं। तब कोशिकाएं इंसुलिन के प्रति प्रतिरोधी हो जाती हैं, जिससे रक्त में शुगर का स्तर बढ़ने लगता है। शरीर ग्लूकोज का उपयोग ऊर्जा के रूप में नहीं कर पाता, जिससे यह चर्बी के रूप में जमा होने लगता है। यह हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को खराब कर सकता है।

## सिटी ब्रीफ

### नगर आयुक्त ने कर्मियों का रोका वेतन

**कानपुर।** नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने गुरुवार को जोनल कार्यालय-6 का निरीक्षण किया। जोनल कार्यालय मुख्य गेट के पास मार्गप्रकाश कार्यालय के बाहर गंदगी मिले। 23 लाइनमैन में से दो कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिले। मार्ग प्रकाश विभाग में स्टॉक रजिस्टर मौके पर नहीं मिला। नगर आयुक्त ने लाइनमैन नरेंद्र व हिमांशु कुमार का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

### आज होगी जीएसवीएम में सीएमई

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के लेक्चर हॉल में सोमवार को एक्स्ट्रापल्मोनरी व पीडियाट्रिक टीबी पर एक सीएमई का आयोजन किया जाएगा, जिसमे देश व प्रदेश के कई विशेषज्ञ शामिल होंगे और महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेगा। संगोष्ठी में चिकित्सा विशेषज्ञ इन जटिल विषयों पर शोध और उपचार को साझा करेंगे।

### टूटी सड़क पर चलना है मजबूरी

**कानपुर।** फजलगंज फायर स्टेशन के बाहर फटी पेयजल लाइन की मरम्मत के लिए रास्ता बंद कर दिया गया है। इसके बावजूद वाहन सवार इस रास्ते से आ और जा रहे हैं। जिससे हादसे का खतरा है। दादानगर से विजय नगर जाने वाली लेन मेट्रो के काम के कारण एक महीने से ज्यादा समय से बंद है। एक ही लेन पर वाहन आ और जा रहे हैं। ऐसे में पाइप लाइन फटने से बड़ा गड्ढा हो गया है और -पास की सड़क भी उखड़ गई है। रोज हजारों वाहनों का गुजरना मजबूरी है। लोगों ने सड़क पर पैचवर्क की मांग की है।

# मैकराबर्ट हॉस्पिटल की भूमि पर अस्पताल और कार्यालय भी

## केडीए की बोर्ड बैठक में भू उपयोग परिवर्तित करने का प्रस्ताव स्वीकृत, अस्पताल बनाने के लिए शासन ने दी मंजूरी, जल्द शुरू होगा काम

**विकास की राह**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिविल लाइन स्थित दि जर्जिया मैकराबर्ट मैमोरियल हॉस्पिटल की भूमि का भू-उपयोग कार्यालय से सार्वजनिक व अर्द्धसार्वजनिक सुविधाओं में परिवर्तित करने का प्रस्ताव केडीए बोर्ड ने स्वीकृत किया है। यहां पर अस्पताल तो बनेगा ही, सार्वजनिक व अर्द्धसार्वजनिक कार्यालय भी बनेगा। इसका लाभ सीधे जनता को मिलेगा। इस भूमि पर अस्पताल बनाने के लिए शासन से मंजूरी मिल गई है। शासन के निर्देश के बाद निर्माण के संबंध में प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

कानपुर विकास प्राधिकरण में गुरुवार को कानपुर मंडलायुक्त व केडीए बोर्ड अध्यक्ष के.विजयेंद्र पांडियन की अध्यक्षता में 145वीं बैठक हुई, जिसमे केडीए का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट अनुमोदित किया गया। बीते वर्ष केडीए का बजट 1474 करोड़ रुपये था, जिसमे 70 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई है और अब केडीए का बजट 2515 करोड़ हो गया है। निर्माण कार्यों का बजट 640 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1291 करोड़ कर दिया गया है। साथ ही तय किया गया है कि केडीए अपने खाली 5600 फ्लैट को वर्ष 2016-2018 में पहली बार रखे गए रेट पर ही बेचेगा। वन और टू बीएचके के फ्लैट खरीदने पर अधिकतम 23 फीसदी तक छूट मिलेगी। वहीं, यदि कोई बल्क में फ्लैट खरीदता है तो उसे इसके अलावा भी पांच से 25 फीसदी तक अतिरिक्त छूट का लाभ मिलेगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि फ्लैटों की बिक्री हो सके और लोगों को लाभ मिल सके। मंडलायुक्त के मुताबिक शासन में पिछली बार 715 करोड़ रुपये की योजनाओं को भेजा गया था, जिसमें से 233 करोड़ रुपये शासन से मिले। इससे 130 करोड़ रुपये से कार्य शुरू हो गया और 110 करोड़ रुपये का कार्य टेंडर प्रक्रिया में है। आने वाले समय में शहर में कई विकास कार्य देखने को मिलेंगे।

अमृत योजना के तहत तैयार किया गया मास्टर प्लान-2031 का प्रस्तुतीकरण शासन के समक्ष हो चुका है। प्राप्त निर्देशों के बाद मास्टर प्लान में संशोधन का अनुमोदन प्राधिकरण बोर्ड द्वारा प्रदान किया गया। मास्टर प्लान स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। बताया कि मैकरॉबर्ट मेमोरियल हास्पिटल की 32,854.10 वर्ग मीटर नजूल की भूमि पर 500 बेड का बनने वाले मल्टी स्पेशिलिटी हास्पिटल के लिए जमीन का भू उपयोग परिवर्तन करने का प्रस्ताव पास कर दिया गया है और शासन को भेजा जा रहा है।



केडीए बोर्ड बैठक में शामिल मंडलायुक्त के .विजयेंद्र पांडियन, केडीए वीसी मदन सिंह गर्ब्याल व अन्य। अमृत विचार

### मेट्रो स्टेशनों के आसपास निर्माण में 25 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क

- यूपीएमआरसी ने मेट्रो परियोजना को विशेष सुविधा परियोजना के रूप में अधिसूचित किए जाने के बाद केडीए से विशेष सुख सुविधा शुल्क देने को कहा था, उद्देश्य मेट्रो के बेहतर संचालन, रख-रखाव और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए विशेष सुविधा विकास निधि से सहायता प्राप्त करना है। सरकार की 28 फरवरी 2025 की अधिसूचना के अनुसार, मेट्रो स्टेशनों के आसपास के क्षेत्रों में निर्माण में 25 प्रतिशत तक अतिरिक्त विशेष सुख सुविधा शुल्क देना होगा, जिसे प्रस्ताव पास कर दिया गया। अब आने वाली धनराशि से मेट्रो स्टेशन के आसपास विकास कार्य कराए जाएगे। वहीं, तीन हजार करोड़ रुपये से मेट्रो सेवा का विस्तार किया जाएगा। बर्रा को नौबस्ता से जोड़ा जाएगा, पनकी, एयरपोर्ट और उन्नाव तक मेट्रों का संचालन होगा।

| योजना | प्रकार | फ्लैट का मूल्य | वर्तमान मूल्य में कमी |
|---|---|---|---|
| | (खाली फ्लैट) | (प्रति यूनिट) | (फीसदी में ) |
| ड्रीम्स | 2 बीएचके | 34 .17 से 35 .17 | 19 .52 तक |
| अमन | 2 बीएचके | 25 .35 से 26 .81 | 10 .45 तक |
| एकता | 2 बीएचके | 24 .85 से 26 .81 | 10 .45 तक |
| प्रगति | 2बीएचके | 25 .46 से 26 .81 | 10 .45 तक |
| हिमालय | 2बीएचके | 18 .62 से 22 .54 | 11 .65 तक |
| रामगंगा 1 | 2 बीचके | 17 .50 से18 .20 | कोई छूट नहीं |
| रामगंगा 2 | 1 बीएचके | 10 .31 से 12 .55 | 14 से 23 तक |
| हिमगिरी | 1 बीएचके | 11 .53 से 14 .24 | 4 से 13 तक |
| नीलगिरी | 1 बीएचके | 11 .53 से 14 .24 तक | 4 से 13 तक |
| सरस्वती | 1 बीएचके | 11 .53 से 14 .24 तक | 4 से 13 तक |

### पांच योजनाओं के 1669 फ्लैट में नहीं मिलेगी छूट

- केडीए की पांच योजनाओं में बने 1669 फ्लैट के दामों में कोई सुनवाई नहीं की गई। इनकी खरीदारी पर लोगों को कोई छूट नहीं दी जाएगी। मंदाकिनी सुलभ, यमुना, गंगा सुलभ के साथ ही कडी हाईट कल्याणपुर, केडीए ग्रीन मैनावती मार्ग, सिग्नेचर ग्रीन विकास नगर के एक से थ्री बीएचके फ्लैट के दामों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। बैठक में नक्शा शुल्क व विकास शुल्क में की गई बढ़ोत्तरी की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव रखा जाएगा, केडीए ने बढ़ा नक्शा शुल्क एक अप्रैल से लागू कर दिया है।

### फ्लैटों का कब्जा देने की अवधि 2027 तक

- सम्पत्तियों की कास्टिंग के लिए आर्दश गाइड लाइंस-2025 को अंगीकृत करने का प्रस्ताव शासन द्वारा स्वीकृत किया गया। आदर्श गाइड लाइंस में दिए गए प्राविधानों के अनुरूप प्राधिकरण के विभिन्न योजनाओं में रिक्त फ्लैटों का मूल्य 20 प्रतिशत तक कम हो गए हैं। फ्लैटों के मूल्य प्रारम्भिक मूल्य पर हो गया है। यानी योजना शुरू होते समय जो मूल्य था, उसी मूल्य पर अब फ्लैटों का विक्रय किया जाएगा। इसका लाभ उन आवेदकों को भी मिलेगा, जिनके आवंटन पत्र अभी तक निर्गत नहीं हुये हैं। वहीं, प्राधिकरण की योजनाओं में निर्मित फ्लैटों का कब्जा (ईडब्लूएस के लिए 20 प्रतिशत और अन्य के लिए 25 प्रतिशत धनराशि) जमा करने पर दिये जाने की अवधि बढ़ाकर 31 मार्च 2027 तक कर दी गई है।

### 190 करोड़ रुपये से होगा महिला मार्केट का निर्माण

- स्वरूप नगर स्थित केडीए की भूमि पर महिला मार्केट-कामर्शियल कॉम्पलेक्स का निर्माण नगर निगम द्वारा किया जाएगा, जिसके लिए केडीए बोर्ड ने रेवन्यु शेयरिंग के आधार पर अनापत्ति प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। केडीए वीसी मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि अबर्न चैलेंज फंड के तहत 190 करोड़ रुपये से महिला मार्केट का निर्माण किया जाएगा, जिसमे सिर्फ महिलाओं को ही दुकानें दी जाएगी। निर्माण के लिए 25 फीसदी फंड केंद्र, 25 फीसदी राज्य और 50 फीसदी नगर निगम देगा। केडीए मार्केट के कुल लाभांस का 15 फीसदी लेगा, जिसपर सहमति बन गई है।

### पीपीपी मॉडल के तहत बनेगा सिटी बस अड्डा

- पनकी के शताब्दी नगर, जवाहरपुरम, रतनपुर, गंगागंज, बहेड़ा, नशनिया, कांशीराम कॉलोनी, डूडा कॉलोनी, सुजातपुर आदि क्षेत्र के हजारों लोग काम पर शहर की ओर आते है, आवागमन में लोगों को हो रहे परेशानी को देखते हुए मार्ग पर बस सेवा शुरू करने की तैयारी की गई है। बोर्ड बैठक में तय किया गया है, शताब्दी नगर या जवाहरपुरम के पास सिटी बस अड्डे के निर्माण किया जाएगा।

# एक माह में 3000 से ज्यादा पीएनजी कनेक्शन आवेदन

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- जिले में तीन हजार किमी से ज्यादा होगी गैस पाइप लाइन की पहुंच
- नई बसने वाली सोसाइटी से भी कनेक्शन लेने वाले पहुंच रहे

**अमृत विचार।** अमेरिका-इजरायल व ईरान के बीच युद्ध ने घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं पर असर डाला है। सिलेंडर की मारामारी के बीच पिछले एक माह में 3000 से ज्यादा नये पीएनजी कनेक्शन के आवेदन पहुंचे हैं। जहां भी नई सोसाइटी बस रही हैं वहां काम कराया जा रहा है। 750 किमी से बढ़ाकर पीएनजी लाइन को तीन हजार किमी तक बढ़ाया जाएगा।

सीयूजीएल (सेंट्रल यूपी गैस लि.) के सीनियर मैनेजर एएम खान ने बताया कि रामादेवी से कल्याणपुर तक गैस पाइपलाइन नेटवर्क करीब 750 किमी में है। जिसे फैलाकर तीन हजार किमी तक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अभी जिले में फजलगंज व चकेरी के पास अहिरवां में मदर स्टेशन है। पाइपलाइन में बढ़ोतरी के साथ मदर स्टेशन बढ़ भी सकते हैं।

उन्होंने बताया कि युद्ध के हालात जब से बने हैं तब से अब तक जहां से भी आवेदन आ रहे हैं वहां सर्वे कराने के बाद कनेक्शन दिया जा रहा है। औसतन हर सप्ताह जिले में 350 से 400 घरेलू, 7 से 11 वाणिज्यिक तथा 1 औद्योगिक कनेक्शन दिए जा रहे हैं।

### एक नजर

- शहर में पीएनजी कनेक्शन: 1.31 लाख
- गैस सिलेंडर के कनेक्शन: 11.44 लाख
- हर सप्ताह 350 से ज्यादा नए कनेक्शन

### युद्ध के बाद आवेदन करने आ रहे लोग

- वरीष्ठ प्रबंधक ने बताया कि शहर से सटी हुई पनकी, कर्रही, हंसपुरम्, कोयला नगर इलाकों में नई सोसाइटी में भी पाइपलाइन डालकर कनेक्शन दिए जाने हैं। बताया कि शहर के पॉश इलाकों में भी कई जगह लोगों ने कनेक्शन नहीं लिए थे। युद्ध के बाद पनपे हालात के कारण काकादेव, विजयनगर, स्वरूपनगर, विकास नगर से भी लोग कार्यालय पहुंच रहे हैं। गुरुदेव के पास आफिसर कॉलोनी के पास 500 मीटर हिस्सा छूटा है वहां काम कराने की योजना है।

## प्री प्राइमरी से 12 तक की कक्षाओं का बदला गया समय

**कानपुर।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों के समय में बदलाव का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के आदेश पर जिले के सभी बोर्डों के सरकारी, सहायता प्राप्त व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा प्री प्राइमरी से 12 तक की कक्षाएं अब सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित होंगी।

यह आदेश अग्रिम निर्देशों तक प्रभावी रहेगा। साथ ही, यह निर्णय उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में लिया गया है, ताकि लू-प्रकोप से छात्रों को राहत मिल सके और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हालांकि, जिला सुरक्षा समिति द्वारा यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 81 चिन्हित विद्यालयों को इस व्यवस्था से आंशिक रूप से अलग रखा गया है। जिलाधिकारी ने इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही स्कूल प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को भी बच्चों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

- कक्षाएं अब सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित होंगी

# लू और गर्मी से बचने के लिए जिला अस्पताल में कूल वार्ड बनेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चौराहों पर ट्रैफिक ड्यूटी पर लगे जवानों के लिए बनाए जाएंगे शेड

**अमृत विचार।** गर्मी व लू से बचाव के लिए जिला अस्पतालों में कूल वार्ड बनाए जाएंगे। जहां मरीजों के लिए कूलर लगे होंगे। वहीं, चौक-चौराहों पर यातायात संभालने वाले जवानों के लिए शेड बनाए जाएंगे। नवीन सभागार में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हीटवेव एक्शन प्लान को लेकर बैठक हुई, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला अस्पताल में कूल वार्ड बनाने को लेकर कहा गया। सभी सीएचसी-पीएचसी पर कम से कम पांच बेड के कूल रूम तैयार किए जाएंगे। राजस्व विभाग को जल स्रोतों की सूची बनाने के लिए बोला गया है। जिससे जल स्त्रोतों को भरने की व्यवस्था कराई जा सके। डीएम ने सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम को शहर में छाया और पेयजल की व्यवस्था करानी है। ट्रैफिक ड्यूटी में लगे कर्मियों के लिए शेड लगाने को कहा गया। परिवहन विभाग को बस अड्डों पर यात्रियों के लिए पेयजल व्यवस्था करने को बोला गया है। अग्निशमन विभाग को 24 घंटे अलर्ट रहने को कहा गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विवेक कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिदत्त नेमी, उप जिलाधिकारी सदर अभिनव सिंह आदि थे।

# महिला आरक्षण केवल राजनीतिक दिखावा

**कानपुर।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल गुरुवार को एक निजी वैवाहिक कार्यक्रम में शहर आए। गंगापुल पर नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर कहा कि यह केवल एक राजनीतिक दिखावा है। महिला आरक्षण का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार यह हीं बता रही है कि उसमें पीडीए वर्ग की महिलाओं का हिस्सा कहां है। कहा कि जब तक आरक्षण के भीतर आरक्षण सुनिश्चित नहीं होगा, तब तक यह कानून केवल कुछ चुनिंदा वर्गों तक सीमित रहेगा और सामाजिक संतुलन कभी स्थापित नहीं हो पाएगा। उन्होंने इसे अधूरा न्याय और राजनीतिक छल करार दिया। वहीं, कहा कि सरकार विज्ञापनों में विकास दिखा रही है। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, शबाब अबरार, आनंद शुक्ला, शादाब आलम, दीपक खोटे, सुधांशु मिश्रा व रिषी पाल आदि रहे।

# सीएसआर से बदल गया जिला पुस्तकालय का स्वरूप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुस्तकालय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है
- मात्र 500 रुपये में तीन वर्ष की सदस्यता दी जा रही है

**अमृत विचार।** राजकीय जिला पुस्तकालय का स्वरूप अब पूरी तरह बदल गया है। कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड से लगभग 20 लाख रुपये की लागत से कराए गए आधुनिकीकरण कार्यों के बाद यह पुस्तकालय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए आधुनिक और सुविधाजनक अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित हो गया है। आधुनिकीकरण के तहत पुस्तकालय में कई महत्वपूर्ण सुविधाएं जोड़ी गई हैं।

यहां अब नई कुर्सी-मेज, आरओ पेयजल की व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और समृद्ध पुस्तक संग्रह उपलब्ध है। सबसे बड़ा बदलाव बैठने की क्षमता में देखने को मिला है। पहले जहां 60 से 70 छात्र ही एक साथ बैठ पाते थे, वहीं अब करीब 120 छात्रों के बैठने की व्यवस्था कर दी गई है, जिससे अधिक संख्या में अभ्यर्थी लाभान्वित हो रहे हैं। पुस्तकालय प्रभारी प्रशांत कुमार द्विवेदी ने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 50 छात्र-छात्राएं यहां अध्ययन करने आते हैं।

पुस्तकालय में 67 हजार से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं, जिनमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित सामग्री के अलावा साहित्य, विज्ञान, इतिहास, संस्कृति सहित विभिन्न विषयों की पुस्तकें शामिल हैं। इसके साथ ही प्रमुख समाचार पत्र और पत्रिकाएं भी नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। पुस्तकालय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है और मात्र 500 रुपये में तीन वर्ष की सदस्यता दी जा रही है। शांत, स्वच्छ और अनुशासित वातावरण के कारण यह पुस्तकालय अब छात्रों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और एक प्रमुख अध्ययन केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि डीएम की पहल से पुस्तकालय की तस्वीर बदली है। वहीं जिलाधिकारी बुधवार को पुस्तकालय का निरीक्षण करने आए थे।



पुस्तकालय में बैठकर पढ़ते युवा। अमृत विचार

## खेल जगत

**केसीए के केडीएमए लीग में कई मैच हुए**

# अशोका ज्योति, एजेंस वुमेंस, काउंटी जीते

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केसीए की केडीएमए क्रिकेट लीग के पहले मैच में अशोका ज्योति ने केजीएससी को आठ विकेट से मात दी। दूसरे मैच में एंजेल वुमंस ने वंडर्स वुमंस को सात विकेट से हराया। तीसरे मैच में काउंटी क्लब ने वाईएमसीए को तीन विकेट से पराजित किया। चौथे मैच में ओलंपिक रजि. ने गांधीग्राम को चार विकेट से मात दी। श्यामनगर स्थित आरपीसीए मैदान पर खेले गए पहले मैच में केजीएससी ने 37 ओवर में 191 रन बनाए। टीम से आशुतोष यदाव ने 36, यथार्थ यादव व अनय ने 28-28 रन बनाए, तो गेंदबाजी में अनिकेत श्रीवास्तव ने तीन, यश सचान, आदित्य और अश्वनी सचान ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। जवाब में अशोका ज्योति की टीम ने 30.3 ओवर में दो विकेट पर 196 रन बनाकर मैच जीता। जीत में राघव अवस्थी ने नाबाद 116 रन, नितिन पटेल ने 36 व प्रशांत पाल ने 26 रन बनाए, तो गेंदबाजी में दिव्यांश व महेंद्र ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। श्यामनगर स्थित पीएसी मैदान पर खेले गए दूसरे मैच में वंडर्स वुमंस की टीम 35 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। टीम से सिमरन ने 30, शिवांगी गुप्ता ने 23, आयुषी सिंह ने 22 व नेहा वर्मा ने 20 रन बनाए, तो गेंदबाजी में सिद्दी मिश्रा ने चार, विदुषी मिश्रा ने दो को आउट किया। जवाब में एंजेल वुमंस की टीम ने 26.5 ओवर में तीन विकेट पर 129 रन बनाकर मैच जीता। जीत में निशा वर्मा ने 50, एकता सिंह ने 34, बबिता यादव ने 22 रन का योगदान दिया, तो गेंदबाजी में सिमरन ने दो विकेट चटकाए। पनकी स्थित रामलखन भट्ट मैदान पर तीसरे मैच में वाईएमसीए ने 30 ओवर में छह विकेट पर 222 रन बनाए। इसमें अनुराग ने 101 रन, मो. अयान ने 37 व विनायक मिश्रा ने 35 रन बनाए, तो गेंदबाजी में आशीष सविता ने दो, वेद प्रकाश, प्रियांशु, लक्ष्य पाल व इंद्रजीत ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। जवाब में काउंटी क्लब ने 24 ओवर में सात विकेट पर 226 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। जीत में वंशुल सिंह ने 61, आशीष सविता ने 53, अवधेश ने 38 व रिषभ ने 35 रन बनाए, तो गेंदबाजी में सुमित व मो. अयान ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। कल्याणपुर स्थित गीता देवी क्रिकेट मैदान पर चौथे मैच में गांधी ग्राम की टीम ने 27.5 ओवर में नौ विकेट पर 117 रन बनाए। टीम से सिद्धार्थ ने 31 रन बनाए, तो गेंदबाजी में अनिकेत यादव ने पांच विकेट झटके। जवाब में ओलंपिक रजि. की टीम ने 16.1 ओवर में पांच विकेट पर 119 रन बनाकर मैच जीता।



विजयी टीम ने खुशी मनाई। अमृत विचार

## आरपीसी एकेडमी ने रतनलाल एकेडमी को 18 रन से हराया

**कानपुर।** रोवर्स कप अंडर-12 इंटर एकेडमी क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए मैच में आरपीसी एकेडमी ने रतनलाल एकेडमी को 18 रन से पराजित किया। जीत में अभिक जेफ ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। जाजमऊ स्थित रोवर्स मैदान पर खेले गए मुकाबले में आरपीसी एकेडमी की पूरी टीम 22.3 ओवर में 123 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम से करन ने 28, अभिक जेफ ने 26 रन बनाए, तो गेंदबाजी में गोविंद गुप्ता ने तीन, अबुल फैजल व सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रतनलाल एकेडमी की पूरी टीम 24.4 ओवर में 105 रन पर सिमट गई। टीम से उदयराज ने 16, अविराट तिवारी ने 15, अभय सिंह और वियोम ने 14-14 रन की पारियां खेली, लेकिन टीम को जीत न दिला सके। तो गेंदबाजी में अभिक जेफ ने चार, करन ने तीन, रिषभ विश्वकर्मा ने दो विकेट अपने नाम किए।

# वीर सिंह ने शतक और अमृत ने अर्द्धशतक ठोंका

**कानपुर।** प्रथम सुनील तिवारी स्मारक अंडर-13 इंटर क्रिकेट एकेडमी लीग में केडीएमए एकेडमी ने नगरनिगम को 10 विकेट से करारी मात दी। जीत में वीर सिंह ने शतकीय और अमृत ने अर्द्धशतकीय पारी खेली। किदवईनगर स्थित कानपुर साउथ-बी मैदान पर खेले गए मुकाबले में नगरनिगम की टीम ने 35 ओवर में आठ विकेट पर 200 रन स्कोर बोर्ड पर लगाए। टीम से आजाद द्विवेदी ने 56 रन, फरहान अजहर ने 35, अजफर अमन ने 26 रन की पारी खेली, तो गेंदबाजी में शिवांश राय, माधव गुप्ता और अनिरुद सिंह ने दो-दो विकेट और अमृत ने एक विकेट अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केडीएमए एकेडमी की टीम ने वीर सिंह की 63 गेंदों पर 15 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 105 रन की शतकीय पारी और अमृत के नाबाद 81 रन के दम पर बिना कोई विकेट खोए 204 रन बनाकर मैच जीता।



मैन आफ द मैच पुरस्कार दिया गया।

### पिच प्राटिक्स ने रेडविंग्स को चार विकेट से हराया

**कानपुर।** कानपुर सुपर प्रीमियर लीग (केएसपीएल) में गुरुवार को खेले गए मैच में पिच प्राटिक्स ने रेडविंग्स को चार विकेट से हराया। गंगा बैराज स्थित बीसीए मैदान पर खेले गए मुकाबले में रेडविंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 22 ओवर में नौ विकेट पर 193 रन बनाए। टीम से रजत दुबे ने 75 रन, मो. फरहान ने 27 रन की पारी खेली, तो गेंदबाजी में दिव्यांशु त्रिवेदी ने तीन, वैभव और शिवम ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पिच प्राटिक्स ने 20 .2 ओवर में छह विकेट पर 195 रन बनाकर मैच जीता।

## कानपुर टाइटंस ने 95 रन बनाकर मैच जीता

**कानपुर।** डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप क्रिकेट एकेडमी की ओर से डॉ. नागेन्द्र स्वरूप की स्मृति में आयोजित गोल्ड कप (कैश मनी) क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में कानपुर टाइटंस ने कानपुर रेड को चार विकेट से पराजित किया। फूलबाग स्थित डीएवी मैदान पर खेले गए मुकाबले में कानपुर रेड की टीम कानपुर टाइटंस की गेंदबाजी के आगे 94 रन पर सिमट गई। टीम से अभिषेक राय ने 21, जीएम ने 16, मिराज ने 13 रन बनाए, तो गेंदबाजी में मो. अजहरुद्दीन ने तीन, अभि सिंह ने दो व शशांक ने एक विकट लिया। कानपुर टाइटंस ने 11.5 ओवर में छह विकेट पर 95 रन बनाकर मैच जीता। जीत में अभि सिंह ने 28, मो. अजहरुद्दीन ने 20, शैलेंद्र सिंह ने 16 रन बनाए, तो गेंदबाजी में हाशमी ने तीन, इरफान, जीएम और मिराज ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। प्लेयर ऑफ द मैच मो. अजहरुद्दीन को चुना गया।

